रविवार, 24 मई 2026

**मौसम**

तापमान 29 – 36
आर्द्रता 77%
सूर्योदय: 04:53 सूर्यास्त: 18:13

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये



अय्यर की नाबाद शतकीय पारी से एलएसजी को मात देकर पंजाब किंग्स की प्लेऑफ की उम्मीदें कायम पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** संतोष और गहरी नींद मिलने के बाद ईश्वर से कुछ भी नहीं चाहिए।

### मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य मंत्री नड्डा के साथ की बैठक

# बंगाल को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सुधार के लिए 3,000 करोड़ रुपये देने की मंजूरी : शुभेंदु अधिकारी

- एक जुलाई से बनने शुरू होंगे आयुष्मान भारत कार्ड
- 30 मई से सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान
- प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों की संख्या को बढ़ाकर 469 करने का प्रस्ताव



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी सरकार को राज्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सुधार के लिए चालू वित्त वर्ष में केंद्र से लगभग 3,000 करोड़ रुपये मिलने की मंजूरी मिली है, जिसमें से 500 करोड़ रुपये पहले ही भेजे जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के कार्ड राज्य के लाभार्थियों को इस साल जुलाई से वितरित किए जाने की संभावना है। इस दिन, शुभेंदु ने राज्य सचिवालय नवान्न से एक डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से चालू वित्त वर्ष के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत 2,103 करोड़ रुपये की मंजूरी मिली है जिसमें से एक-चौथाई यानी 500 करोड़ रुपये केंद्र पहले ही भेज चुका है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने इस वित्त वर्ष में आयुष्मान भारत योजना के लिए निर्धारित 976 करोड़ रुपये का अपना हिस्सा भी आवंटित कर दिया है। शुभेंदु ने कहा कि कुल मिलाकर हमें 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी मिली है, जिसमें से 500 करोड़ रुपये हमें पहले ही मिल चुके हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा के साथ करीब एक घंटे की डिजिटल बैठक के बाद मीडिया को संबोधित किया। शुभेंदु ने कहा कि बंगाल की पूर्ववर्ती तृणमूल सरकार द्वारा जारी स्वास्थ्य साथी कार्ड रखने वाले करीब छह करोड़ लोगों को पहले चरण में आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा और बाद में लाभार्थियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन आवेदकों ने स्वास्थ्य साथी कार्ड का विकल्प नहीं चुना था, उन्हें भी अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। शुभेंदु ने कहा कि हमें उम्मीद है कि हम आयुष्मान भारत कार्ड का वितरण जुलाई से शुरू कर देंगे, जिसके लिए पंजीकरण का काम पहले ही शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आयुष्मान आरोग्य मंदिर नेटवर्क में शामिल होने के लिए केंद्र के साथ जून के पहले सप्ताह में एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की योजना बना रहा है ताकि राज्य के प्रवासी निवासियों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल सके। शुभेंदु ने यह भी घोषणा की कि स्वास्थ्य विभाग राज्य संचालित स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य सेवा कर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया तेज करेगा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के दौरान इस क्षेत्र में भर्ती दर बेहद कम थी। यह राष्ट्रीय स्तर की 98 प्रतिशत दर के मुकाबले केवल 53 प्रतिशत रही। हम अगले तीन महीने में पारदर्शी भर्ती नीति के जरिए इन पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव पूर्व राज्य के हर जिले में सरकारी मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के वादे का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही अलीपुरद्वार, कलिम्पोंग, दक्षिण दिनाजपुर जिलों और पश्चिम बर्धमान के आसनसोल में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, उत्तर बंगाल में एम्स परिसर स्थापित करने का प्रस्ताव भी भेजा जाएगा। शुभेंदु ने 14-15 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों के लिए सर्विकल कैंसर निवारक टीकाकरण की आधिकारिक शुरुआत और 30 मई को 'टीबी मुक्त भारत' के लिए एक कार्यशाला की घोषणा भी की, जिसमें राज्य के सांसद और विधायक भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ब्लॉक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर पूरे बंगाल के जिला अस्पतालों तक, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों की संख्या को वर्तमान 117 से बढ़ाकर 469 करने का प्रस्ताव तैयार कर रही है।

## मोदी-रूबियो वार्ता : रक्षा, व्यापार और तकनीक पर बढ़ेगा सहयोग

### ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को अमेरिका आने का दिया न्योता, पश्चिम एशिया संकट पर भी हुई चर्चा



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के बीच शनिवार को नई दिल्ली में अहम बैठक हुई, जिसमें भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत बनाने पर व्यापक चर्चा की गई। दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, रणनीतिक प्रौद्योगिकी और वैश्विक सुरक्षा समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो कोलकाता की संक्षिप्त यात्रा के बाद दिल्ली पहुंचे और कुछ ही देर बाद प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। बैठक के दौरान रूबियो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को निकट भविष्य में अमेरिका आने का निमंत्रण दिया। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाई देने पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के बाद सोशल मीडिया पर कहा कि भारत और अमेरिका वैश्विक हितों के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने बताया कि बातचीत में क्षेत्रीय और वैश्विक शांति, सुरक्षा तथा भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, रूबियो ने रक्षा, व्यापार एवं निवेश, ऊर्जा सुरक्षा, कनेक्टिविटी, शिक्षा और जनता के बीच संबंधों में हो रही प्रगति की जानकारी दी। इसके अलावा पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति और वैश्विक चुनौतियों पर भी दोनों पक्षों ने अपने विचार साझा किए। प्रधानमंत्री मोदी ने शांति प्रयासों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हुए संवाद और कूटनीति के जरिए विवादों के समाधान पर बल दिया। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि दोनों देशों ने महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग बढ़ाने तथा व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई। 'मिशन 500' के तहत वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने के लक्ष्य पर भी चर्चा हुई। रूबियो रविवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इसके बाद वह आगरा और जयपुर का दौरा करेंगे तथा मंगलवार को क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए फिर दिल्ली लौटेंगे।

### अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने कोलकाता में 'मदर हाउस' और निर्मला शिशु भवन का किया दौरा



**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को कोलकाता में सेंट टेरेसा के 'मिशनरीज ऑफ चैरिटी' के मुख्यालय 'मदर हाउस' और निर्मला शिशु भवन का दौरा किया। रुबियो भारत की अपनी पहली चार दिवसीय यात्रा पर शनिवार की सुबह कोलकाता पहुंचे। कोलकाता के हवाई अड्डे पर भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने उनका स्वागत किया। उन्होंने 'मिशनरीज ऑफ चैरिटी' के मुख्यालय का दौरा किया और वहां के अधिकारियों से बात की। रुबियो बाद में गोर और अन्य अधिकारियों के साथ 'मिशनरीज ऑफ चैरिटी' द्वारा संचालित बाल गृह निर्मला शिशु भवन भी गए। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के किसी विदेशी मंत्री का 14 साल बाद कोलकाता में आगमन हुआ है। इससे पहले मई 2012 में अमेरिकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने कोलकाता का दौरा किया था।

### पेट्रोल के दाम 87 पैसे, डीजल 91 पैसे लीटर और बढ़े

**नयी दिल्ली :** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शनिवार को एक बार फिर वृद्धि की गयी। पेट्रोल की कीमत 87 पैसे लीटर जबकि डीजल के दाम 91 पैसे प्रति लीटर बढ़ाये गये हैं। पिछले10 दिनों से भी कम समय में यह तीसरा मौका है जब ईंधन के दाम बढ़ाये गये हैं। उद्योग से जुड़े सूत्रों के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 87 पैसे बढ़कर 98.64 रुपये से 99.51 रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल की कीमत 91 पैसे बढ़कर 91.58 रुपये से बढ़कर 92.49 रुपये हो गई है। पेट्रोल, डीजल के दाम में 15 मई के बाद से यह तीसरी बढ़ोतरी है। सरकारी तेल कंपनियों ने पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण बढ़ी ऊर्जा कीमतों का बोझ धीरे-धीरे उपभोक्ताओं पर डालना शुरू कर दिया है। पंद्रह मई को कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हुई थी। उसके बाद 19 मई को पेट्रोल और डीजल के दाम 90 पैसे लीटर बढ़ाये गये थे। कुल मिलाकर, ईंधन की कीमतों में लगभग 5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है।

## पीएम मोदी ने 51,000+ युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र

### कहा- वैंश्विक साझेदारी से मिलेंगे रोजगार के अवसर



**नयी दिल्ली :** 19वें रोजगार मेले के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिए हैं। यह कार्यक्रम देश के 47 अलग-अलग स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया। चयनित उम्मीदवारों को रेलवे, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य विभाग और अन्य केंद्रीय मंत्रालयों में नियुक्ति मिली है, जिससे वे अब सरकारी सेवाओं में अपने नए कार्य की शुरुआत करेंगे प्रधानमंत्री ने कहा कि वह अभी 2 दिन पहले ही 5 देशों की यात्रा करके लौटे हैं। इस दौरान उनकी कई बड़ी कंपनियों के नेताओं से बातचीत हुई। उन्होंने महसूस किया कि पूरी दुनिया भारत के प्रभाव और तकनीकी प्रगति को लेकर बहुत उत्साहित है। आज दुनिया भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनना चाहती है। भारत भी दुनिया के अलग-अलग देशों के साथ पार्टनरशिप कर रहा है, जिसका उद्देश्य यही है कि भारत के युवाओं को अवसर मिले, रोजगार मिले, उनका सामर्थ्य विकसित हो और साथ ही मैं चाहता हूं कि मेरे देश के नौजवानों को ग्लोबल एक्सपोजर भी मिले।

### एआई से लेकर ग्रीन टेक्नोलॉजी तक भारत की प्रगति को मिली नई रफ्तार

इस यात्रा के दौरान नीदरलैंड के साथ सेमीकंडक्टर, जल (वाटर), कृषि और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में चर्चा हुई। स्वीडन के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल इनोवेशन पर सहयोग को लेकर कई अहम बातें हुईं। वहीं नॉर्वे के साथ ग्रीन टेक्नोलॉजी और समुद्री (मैरीटाइम) सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी, जबकि यूएई के साथ रणनीतिक ऊर्जा और तकनीकी साझेदारी पर विस्तार से बातचीत हुई।इटली के साथ रक्षा, क्रिटिकल मिनरल्स, विज्ञान और तकनीक जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में साझेदारी के समझौते हुए। इन सभी समझौतों का लाभ भारत के युवाओं को मिलने वाला है। ये सभी विषय एक उज्ज्वल, सक्षम और मजबूत भारत के भविष्य की गारंटी लेकर आते हैं।

### राघव चड्ढा राज्यसभा की याचिका समिति के अध्यक्ष नियुक्त

**नयी दिल्ली :** हाल में आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा को इस सदन की याचिका समिति का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने याचिका समिति का पुनर्गठन करने के बाद सदन के 10 सदस्यों को इस समिति के लिए नामित किया। राज्यसभा की एक अधिसूचना में कहा गया, ''राघव चड्ढा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।'' अधिसूचना में कहा गया कि राज्यसभा के सभापति ने समिति का पुनर्गठन किया है जो 20 मई से प्रभाव में है। समिति में चड्ढा के अलावा हर्ष महाजन, गुलाम अली, शंभू शरण पटेल, मयंककुमार नायक, मस्तान राव यादव बीडा, जेबी माथेर हिशाम, सुभाशीष खुंटिया, रवंगवरा नारजारी और संदोष कुमार पी. अन्य सदस्य हैं। राज्यसभा सचिवालय ने एक अन्य अधिसूचना में कहा, ''राज्यसभा के सभापति ने 20 मई 2026 को राज्यसभा सदस्य डॉ. मेनका गुरुस्वामी को कॉरपोरेट कानून (संशोधन) विधेयक 2026 संबंधी संयुक्त समिति का सदस्य नामित किया है।''

## ईडी ने पूर्व डीसी शांतनु सिन्हा की संपत्ति पर मारा छापा, करीब 2 किलो सोना और भारी नकदी बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित तौर पर सोना पप्पू द्वारा भूमि हड़पने और धोखाधड़ी करने से जुड़े मामले में गिरफ्तार किये जाने के बाद कोलकाता पुलिस के पूर्व उपायुक्त शांतनु सिन्हा बिस्वास के मुर्शिदाबाद स्थित आलीशान बंगले को कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। केंद्रीय जांच एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईडी के अधिकारियों ने शुक्रवार को मुर्शिदाबाद के कंडी कस्बे में स्थित सिन्हा की पैतृक संपत्ति पर चाबियां कई घंटों तक नहीं मिलने के बाद ताला तोड़कर छापेमारी की थी। कोलकाता में भी एक साथ कई स्थानों पर छापेमारी की गई, जिनमें एक उपनिरीक्षक के घर और चक्रबेरिया में व्यवसायी अतुल कटारिया का घर शामिल है। जांचकर्ताओं ने छापेमारी के दौरान दो किलो से अधिक सोना बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग तीन करोड़ रुपये है। एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि इसके अलावा भारी मात्रा में नकदी और संपत्ति से संबंधित कई दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। ईडी अधिकारी ने बताया कि उन्होंने पूर्व अधिकारी से कथित तौर पर जुड़ी कई अन्य संपत्तियों का भी पता लगाया है।

## दिल्ली के बाजार में आग लगने से 500 दुकानें जलकर खाक

### लोगों ने दमकल गाड़ियों पर पथराव किया



**नयी दिल्ली :** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क स्थित फर्नीचर बाजार में भीषण आग लगने से करीब 500 दुकानें जलकर खाक हो गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात लगी आग पर काबू पाने के लिए कार्रवाई में कथित देरी से नाराज स्थानीय लोगों ने दमकल गाड़ियों पर पथराव किया। वहीं, दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने आरोपों का खंडन किया और कहा कि अग्निशमन अभियान पूरी रात जारी रहा। उन्होंने बताया कि आग लगने से लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है, हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 11:56 बजे उत्तर-पूर्वी नई दिल्ली के शास्त्री पार्क फर्नीचर बाजार में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि लगभग 200 पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और भीड़ को नियंत्रित किया, जबकि कई दमकलकर्मियों ने आग बुझाने का अभियान चलाया। वहीं, एक डीएसएफ अधिकारी ने बताया कि लकड़ी के फर्नीचर और प्लाईवुड जैसी अत्यधिक ज्वलनशील सामग्री की मौजूदगी के कारण आग तेजी से फैल गई। उन्होंने बताया कि विभाग को रात 11 बजकर 57 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली और दमकल गाड़ियों को तुरंत रवाना किया गया। अधिकारी ने कहा, ''बाद में आग को मध्यम श्रेणी की आग के रूप में वर्गीकृत किया गया। घटनास्थल पर लकड़ी का फर्नीचर और प्लाईवुड मुख्य ज्वलनशील पदार्थ थे। आग बुझाने के काम में लगभग 25-26 दमकल गाड़ियों को लगाया गया।'' उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान कुछ लोगों ने दमकल कर्मियों पर पथराव किया, जिसके बाद रात लगभग 12 बजकर 50 मिनट पर पुलिस सहायता मांगी गई। कुछ लोगों ने दावा किया कि दमकल गाड़ियां मौके पर देर से पहुंचीं, जिसके कारण ईद-उल-अजहा से पहले व्यापारियों को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ।

## चीन में कोयला खदान में गैस विस्फोट से 90 लोगों की मौत; 200 से अधिक लोगों को बचाया गया



**बीजिंग :** उत्तरी चीन की एक कोयला खदान में गैस विस्फोट होने से 90 खनिकों की मौत हो गई। बीजिंग के आधिकारिक मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। मीडिया ने साथ ही अपनी खबर में बताया कि अब तक 201 खनिकों को बचाया गया है। गैस विस्फोट शुक्रवार शाम लिउशेन्यु कोयला खदान में हुआ। विस्फोट के बाद से बचाव अभियान जारी है। सरकारी समाचार पत्र 'चाइना डेली' की खबर के अनुसार, उत्तरी चीन के शानशी प्रांत के क्विनयुआन काउंटी में कोयला खदान में विस्फोट होने से मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 90 हो गई है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने व्यापक पैमाने पर बचाव अभियान चलाए जाने और घायलों का उपचार सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने हादसे के बाद की स्थिति से उचित तरीके से निपटने, इसके कारणों की गहन जांच करने और कानून के अनुसार जवाबदेही तय करने के भी निर्देश दिए। चिनफिंग ने कहा कि इस हादसे से देशभर के प्राधिकारियों को सबक लेना चाहिए, कार्यस्थल पर सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना चाहिए और संभावित जोखिमों की पहचान कर उन्हें दूर करने के प्रयास तेज करने चाहिए, ताकि हादसों को रोका जा सके। उपप्रधानमंत्री झांग गुओकिंग बचाव अभियान की निगरानी के लिए एक दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने चीन में कोयला खदान दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को चीन के शानशी प्रांत में कोयला खदान हादसे में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और राष्ट्रपति शी चिनफिंग और चीन की जनता के प्रति संवेदना व्यक्त की। उत्तरी चीन की एक कोयला खदान में गैस विस्फोट होने से 90 खनिकों की मौत हो गई। बीजिंग के आधिकारिक मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''चीन के शानशी प्रांत में खनन दुर्घटना में हुई जानमाल की क्षति से मैं बहुत दुखी हूं। भारत की ओर से, मैं राष्ट्रपति शी चिनफिंग और चीन की जनता के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।'' उन्होंने कहा, ''ईश्वर शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में शक्ति प्रदान करें। सभी लापता लोगों के जल्द और सुरक्षित मिल जाने की प्रार्थना करता हूं।''



## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 24 मई, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष नवमी, 28:32 तक, नक्षत्र : पूर्व फाल्गुनी, 26:48 तक, योग : हरषाना, 27:41 तक, सूर्योदय: 04:53, सूर्यास्त: 18:13, चन्द्रोदय : 12:55, चन्द्रास्त: 00:56, शक सम्वत: 1948 पराभव, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 17:07 से 18:46

## साप्ताहिक : राशिफल 24-05-26 से 30-05-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** मेष राशि के जातकों की इस सप्ताह मन की शांति घटेगी। इस दौरान गुप्त शत्रुओं से बहुत सावधान रहने की जरूरत रहेगी। राजनीति में किसी पद या अधिकार की प्राप्ति के लिए अभी थोड़ा और इंतजार करना होगा। भूमिभवन से जुड़े मामले को बहुत सावधानी के साथ हल करने की कोशिश करें। सप्ताह के मध्य में व्यवसाय को आगे बढ़ाने के अवसर मिलेंगे लेकिन किसी बड़ी योजना में धन निवेश करने से पहले अपने शुभचिंतकों की सलाह लेना न भूलें। महिलाओं का समय मध्यम है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** वृष राशि के जातकों का मन इस सप्ताह आवश्यक कार्यों से भटक सकता है। सप्ताह के प्रारंभ में परिजनों अथवा कार्यक्षेत्र में किसी से वादविवाद हो सकता है। किसी भी कार्य को करते समय जल्दबाजी न करें। वाहन अत्यंत सावधानी से चलाएं, अन्यथा चोट लगने की आशंका है। करिअर और कारोबार से जुड़े किसी बड़े फैसले को लेते समय वरिष्ठ लोगों की सलाह लेना न भूलें। सप्ताह के अंत में अनावश्यक चीजों पर धन खर्च होने से मन खिन्न रहेगा। किसी प्रियजन की सेहत को लेकर मन चिंतित रहेगा।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** मिथुन राशि के जातकों की इस सप्ताह नई योजनाओं पर कार्य करने के अवसर प्राप्त होंगे। सही दिशा में प्रयास करने और चीजों का प्रबंधन करके आप अपने टारगेट को प्राप्त करने में कामयाब भी हो सकते हैं। हालांकि कोई भी बड़ा निर्णय लेते समय अपने शुभचिंतकों की सलाह लेना न भूलें। बेरोजगार लोगों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। थोक व्यवसायियों के मुकाबले छोटे कारोबारियों का समय अपेक्षाकृत ठीक है। स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों की अनदेखी न करें, अन्यथा अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** सप्ताह की शुरुआत में कर्क राशि के जातकों का मन अपने लक्ष्य से भटक सकता है। किसी के फटे में टांग अड़ाने से बचें, अन्यथा बाद में पछताना पड़ सकता है। बीमा, फाइनेंस और मार्केटिंग का काम करने वालों का समय चुनौतीपूर्ण है। सप्ताह के मध्य में व्यापार में किसी भी प्रकार जोखिम उठाने से बचें। घर के किसी वरिष्ठ की सेहत को लेकर मन चिंतित रहेगा। महिलाओं का अधिकांश समय धार्मिक कार्यों में बीतेगा। प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे छात्रों को कठिन परिश्रम करने पर ही सफलता के योग बनेंगे।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह काफी राहत भरा होने जा रहा है। पारिवारिक एवं व्यावसायिक उलझनों को सुलझाने का वातावरण बनेगा। कार्यक्षेत्र में सीनियर और जूनियर दोनों का सहयोग मिलेगा। अप्रत्याशित रूप से बाजार अथवा किसी योजना में अटका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। छात्रों एवं युवाओं का अधिकांश समय मौजमस्ती करते हुए बीतेगा। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी। जीवनसाथी का पूरा साथ मिलेगा। सप्ताह के अंत में किसी परिजन से जुड़ा कोई दुखद समाचार मिलने से मन दुखी रहेगा।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह कुछ राहत भरा रहेगा। मित्रों एवं सहयोगियों की मदद से कार्यक्षेत्र से जुड़ी चुनौतियों से पार पाने में कामयाब होंगे। सत्ता पक्ष से लाभ के योग बनेंगे। हालांकि किसी बड़ी योजना में धन निवेश करने से पहले सोच समझकर निर्णय लें। सप्ताह के मध्य में घर के किसी सदस्य की सेहत को लेकर मन चिंतित रहेगा। इस दौरान महिला प्रोफेशनलों पर काम का दबाव रहेगा। प्रेम संबंधों में किसी भी प्रकार की जल्दबाजी से बचें।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिलाजुला साबित होने जा रहा है। इस सप्ताह अपने कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रुओं से सावधान रहने की जरूरत है। विरोधी आपकी योजनाओं में अड़ंगे डालने की कोशिश कर सकते हैं। अनचाहे स्थान पर स्थानांतरण भी हो सकता है। पारिवारिक समस्याओं को सुलझाते समय स्वजनों की भावनाओं की अनदेखी न करें। कामकाज के साथ आपको अपनी सेहत का भी ख्याल रखने की सख्त जरूरत है, अन्यथा लापरवाही के चलते कोई पुराना रोग उभर सकता है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए इस सप्ताह की शुरुआत में करिअर कारोबार में प्रगति का वातारण बनेगा। कार्यक्षेत्र में सीनियर आपके काम की प्रशंसा करेंगे। लंबे समय से अटकी योजना को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। किसी वरिष्ठ की मदद से भूमि भवन से जुड़े विवाद को सुलझाने से मन को सुकून मिलेगा। सप्ताह के मध्य में लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा के योग बनेंगे। यात्रा में समान एवं सेहत दोनों का विशेष ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** धनु राशि के जातकों को इस सप्ताह दूसरों के भरोसे रहने की बजाय स्वयं अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। किसी भी कार्य को करते समय जल्दबाजी या लापरवाही से बचें, अन्यथा नुकसान झेलना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में काम के बोझ का दबाव बना रहेगा। कारोबारियों को बाजार में अटके धन को निकालने में मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। सप्ताह के मध्य में आर्थिक दिक्कतें बढ़ सकती हैं। उधार लेने की भी नौबत आ सकती है। इस दौरान बने बनाए कार्यों में अचानक से कुछ रुकावटें आ सकती हैं। प्रेम संबंधों में किसी भी प्रकार के उतावलेपन से बचें।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिलाजुला साबित होगा। सप्ताह के प्रारंभ में पारिवारिक दायित्यों का निर्वाह करने में परिजनों का सहयोग मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों का अपने अधिकारियों तालमेल बढ़ेगा। सप्ताह के मध्य में करिअरकारोबार से जुड़ी किसी बड़ी अड़चन को दूर करने पर आप राहत की सांस लेंगे। महिला प्रोफेशनलों पर कार्य का बोझ बना रहेगा। संतान पक्ष से जुड़ी कोई चिंता सतायेगी। इस सप्ताह अपनी सेहत को लेकर बहुत सावधान रहें, अन्यथा दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** सप्ताह की शुरुआत में नई कार्ययोजना पर काम करेंगे। थोक व्यापारियों के मुकाबले फुटकर व्यापारियों का समय बेहतर है। हालांकि धन के लेनदेन में अत्यंत सावधानी बरतने की आवश्यकता रहेगी। संतान पक्ष से जुड़ी कोई चिंता सतायेगी। भूमि भवन संबंधित विवाद को कोर्ट कचहरी के बाहर निबटा लेना ही बेहतर रहेगा। पारिवारिक समस्याओं को निबटाते समय आवेश में आकर कोई निर्णय लेने से बचें। प्रेम संबंधों में मजबूती आयेगी। कठिन समय में लव पार्टनर का पूरा साथ मिलेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। छात्रों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** इस सप्ताह मन में उत्साह और सकारात्मक विचार आपको अपनी कार्ययोजना को आगे बढ़ाने में मददगार साबित होंगे। सप्ताह के प्रारंभ में ही संतान पक्ष की तरफ से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। हालांकि छात्र एवं युवा वर्ग इस दौरान भावुकता या जल्दबाजी में आकर कोई निर्णय लेने से बचें। प्रेम संबंधों में विशेष रूप से सावधान अपेक्षित है। सप्ताह के अंत में लंबे समय बाद किसी प्रियजन से संपर्क होगा। महिलाओं का अधिकांश समय धार्मिक कार्यों में बीतेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

# श्रमिकों का सम्मान और सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमिकों को राज्य की प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए शनिवार को कहा कि उन्हें सम्मान तथा सुरक्षा देना सरकार की प्राथमिकता है। श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने श्रमिक कल्याण, कौशल विकास और रोजगार सृजन को अधिक प्रभावी तथा व्यापक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने 'बाल श्रमिक विद्या योजना' को प्रदेश के सभी 75 जिलों तक विस्तार देने, 'सेवामित्र व्यवस्था' को और मजबूत बनाने, बड़े शहरों में निर्माण श्रमिकों के लिए आधुनिक सुविधा केंद्र विकसित करने तथा रोजगार मिशन को वैश्विक अवसरों से जोड़ने के निर्देश दिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रमिक केवल उत्पादन प्रक्रिया का हिस्सा नहीं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था और विकास की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता श्रमिकों, युवाओं और कमजोर वर्गों को सम्मानजनक जीवन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित कार्य वातावरण और बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी बच्चा आर्थिक मजबूरी के कारण शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने बाल श्रम प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर बच्चों को विद्यालयों से जोड़ने और उनके पुनर्वास की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही निजी क्षेत्र के सहयोग से इन बच्चों के कौशल विकास की कार्ययोजना तैयार करने को भी कहा। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2020 में शुरू की गई 'बाल श्रमिक विद्या योजना' के तहत आठ से 18 वर्ष आयु वर्ग के कामकाजी बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर आर्थिक सहायता दी जा रही है। इसमें कहा गया कि वर्तमान में यह योजना 20 जिलों में संचालित है। मुख्यमंत्री ने इसे नए प्रावधानों के साथ सभी 75 जिलों में लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने 'सेवामित्र व्यवस्था' को रोजगार और जनसुविधा का अभिनव मॉडल बताया और इसे अधिक प्रभावी तथा जनोपयोगी बनाने पर जोर दिया। बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2021 से संचालित इस व्यवस्था के तहत नागरिक मोबाइल ऐप, वेब पोर्टल और कॉल सेंटर के माध्यम से घरेलू सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में पोर्टल पर 1,097 सेवा प्रदाता, 5,049 सेवामित्र और 54,747 कुशल कामगार पंजीकृत हैं। मुख्यमंत्री ने सरकारी विभागों में भी आवश्यकता के अनुसार सेवामित्र व्यवस्था के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

## मुझे बिल्कुल अंदाजा नहीं है कि मैं क्यों वायरल होता रहता हूं: रवि किशन



**मुंबई :** अभिनेता एवं राजनेता रवि किशन का कहना है कि वह आज तक यह नहीं समझ पाए हैं कि सोशल मीडिया पर उनके वीडियो और 'मीम्स' क्यों प्रसारित होते रहते हैं। उन्होंने कहा कि वह महज एक आम इंसान हैं और दूसरों की तरह उनसे भी गलतियां हो जाती हैं। अभिनेता रवि किशन से शुक्रवार शाम उनकी आगामी फिल्म 'मां बहन' के ट्रेलर जारी करने के मौके पर उनकी हालिया वायरल हुई वीडियो के संबंध में पूछा गया था, जिसमें उन्होंने गलती से 'वर्क फ्रॉम होम' कहने के बजाय 'होम फ्रॉम वर्क' कह दिया। वह इस वीडियो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'वर्क फ्रॉम होम' की अपील के समर्थन में बोल रहे थे। गोरखपुर से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रवि किशन ने कहा, मैं महादेव की कसम खाकर कहता हूं कि मुझे बिल्कुल अंदाजा नहीं है कि मैं क्यों वायरल होता रहता हूं। मैं उस समय संसद जा रहा था और कहना चाहता था कि 'वर्क फ्रॉम होम' (घर से काम) करने की जरूरत है, लेकिन उसकी जगह मुंह से 'होम फ्रॉम वर्क' निकल गया। 'मां बहन' फिल्म में रवि किशन के साथ माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर धारणा दुर्गा मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी। नेटफ्लिक्स की इस फिल्म का निर्देशन 'सूबेदार' और 'तुम्हारी सुलू' फिल्म के निर्देशक सुरेश त्रिवेणी ने किया है।

## 'कॉकरोच जनता पार्टी' के प्रति जनता की प्रतिक्रिया पर सरकार को ध्यान देना चाहिए : प्रशांत किशोर



**पटना :** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने शनिवार को कहा कि व्यंग्यात्मक सोशल मीडिया अकाउंट 'कॉकरोच जनता पार्टी' को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महंगाई को लेकर जनता की परेशानी को रेखांकित करती है और सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। पूर्व चुनाव रणनीतिकार ने यह भी दावा किया कि यह अब तक एक 'सोशल मीडिया अभियान'' है, लेकिन इसकी लोकप्रियता से संकेत मिलता है कि ''व्यवस्था पर भरोसा, चिंता में बदल रहा है'। यह सोशल मीडिया अकाउंट पिछले सप्ताह प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत द्वारा एक वकील के लिए 'वरिष्ठ' पदनाम के मुद्दे पर अदालत की सुनवाई के दौरान 'कॉकरोच' और ''परजीवियों' के बारे में की गई टिप्पणियों पर हुए विवाद के बाद सामने आया। इस अभियान को लेकर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए किशोर ने कहा, 'इस तथाकथित पार्टी की चर्चा इसलिए हो रही है, क्योंकि इंटरनेट पर आने के कुछ ही समय में लगभग दो करोड़ लोगों ने पंजीकरण करा लिया है। बेशक, अभी तक 'कॉकरोच जनता पार्टी' का कोई संगठनात्मक ढांचा नहीं है और इसके उद्देश्यों और नेतृत्व के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।' उन्होंने कहा, 'यह समझना जरूरी है कि जनता में व्याप्त असंतोष के कारण इतने सारे लोग इस पार्टी से जुड़ रहे हैं। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई और गैस एवं उर्वरकों की अनुपलब्धता जैसी समस्याओं ने ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि इतने सारे लोग इस अभियान का समर्थन कर रहे हैं।'

## कांग्रेस का नेतृत्व जब तक राहुल गांधी करेंगे तबतक पार्टी और रसातल में जाएगी: रविशंकर प्रसाद



**पटना :** सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता रवि शंकर प्रसाद ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि ''जब तक वह अपनी पार्टी का नेतृत्व करते रहेंगे, तब तक पार्टी का और रसातल में जाना तय है'। राहुल गांधी ने भारत की अर्थव्यवस्था के प्रबंधन को लेकर सरकार की आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और आरएसएस को 'गद्दार' करार दिया था और उनपर 'सातों दिन' संविधान पर हमला करने का आरोप लगाया था। राहुल अपने इस बयान की वजह से भाजपा और उसके सहयोगी दलों के निशाने पर हैं। प्रसाद ने संवाददाताओं द्वारा राहुल गांधी के बयान को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा, ''क्या राहुल गांधी को इस तरह की टिप्पणियां करने के अलावा कुछ और आता है? कांग्रेस बार-बार हारती है और उसके उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो जाती है, फिर भी उनका अहंकार साफ दिखाई देता है।'' प्रसाद ने आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने विदेशों में बार-बार ''भारत के खिलाफ शर्मनाक टिप्पणियां'' कीं। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की आलोचना करते हुए कहा, 'जब तक राहुल गांधी पार्टी का नेतृत्व करते रहेंगे, तब तक इसका और रसातल में जाना तय है।'

## राजस्थान में कुएं में रेत धंसने से दो भाइयों की मौत

**जयपुर :** राजस्थान के करौली जिले में शनिवार को 40 फुट गहरे कुएं में रेत धंसने से दो भाइयों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह हादसा सपोटरा क्षेत्र के अमरगढ़ गांव में उस समय हुआ, जब दोनों भाई एक पुराने कुएं से पानी का पंप निकालने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान अचानक रेत धंस गई और दोनों उसमें दब गए। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान अमरगढ़ गांव निवासी कमलेश (32) और मुकेश (35) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों पिछले कुछ दिनों से कुएं में दबे मोटर पंप तक पहुंचने के लिए खुदाई कर रहे थे। सपोटरा थाना प्रभारी अभिजीत कुमार ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब कुएं की दीवारें अचानक भरभराकर गिर गईं और दोनों भाई मलबे में दब गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आधिकारिक टीमों के पहुंचने से पहले करीब ढाई घंटे तक बचाव अभियान चलाया। बाद में सिविल डिफेंस कर्मियों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी राहत एवं बचाव कार्य में हिस्सा लिया। काफी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला गया और सपोटरा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और तहसीलदार समेत अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

## कुछ अदृश्य शस्त्र गुप्त रूप से देश, समाज पर बेहद घातक हमला कर रहे : अखिलेश यादव

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोलते हुए शनिवार को कहा कि कुछ अदृश्य शस्त्र गुप्त रूप से देश, समाज और आपसी सौहार्द पर घातक हमला कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कई सवाल उठाते हुए जांच की मांग की। उन्होंने कहा, असली शस्त्रों के तो लाइसेंस बनते हैं, लेकिन कुछ अदृश्य शस्त्र भी हैं, जो गुप्त रूप से देश, समाज और आपसी प्रेम पर अंदर से बेहद घातक हमला कर रहे हैं। सपा प्रमुख ने पोस्ट में कहा, वकील कह रहे हैं कि लगे हाथ भाजपाइयों के घर, दुकान, कार्यालय और प्रतिष्ठानों के कागज तथा नक्शे मंगाकर उनकी वैधता की भी जांच की जाए। उन्होंने बिना नाम लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा से जुड़े लोगों पर निशाना साधते हुए कहा, 'भाजपा और उनके संगी-साथियों द्वारा निर्माण कार्यों, आयोजनों और आपद-ाओं के नाम पर 'जगह-जगह' से बटोरे गये 'तरह-तरह' के चंदे-फंड का हिसाब भी मांगा जाए और उनका ऑडिट हो।

## न्यूज अपडेट

### मऊ में पाकिस्तानी मूल की महिला की अस्पताल में मौत

**मऊ (उप्र) :** मऊ जिले के सरायलखंसी थाना क्षेत्र की बुनकर कॉलोनी में रह रही पाकिस्तानी मूल की महिला की अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) कमलेश बहादुर ने बताया कि मृतका आफिया रियाज शेख (37) पाकिस्तान की नागरिक थी। उसकी शादी 15 मई 2017 को सरायलखंसी थाना क्षेत्र के बुनकर कॉलोनी निवासी सफीकुद्दीन से मुंबई में हुई थी। शादी के बाद वह दीर्घकालिक वीजा पर भारत में रह रही थी। परिजनों के अनुसार, बुधवार देर रात आफिया के सीने में अचानक तेज दर्द उठा, जिसके बाद सफीकुद्दीन उसे शहर के निजी अस्पताल ले गया, जहां इलाज के दौरान हृदय गति रुकने से उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि महिला लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थी और उसका उपचार हो रहा था। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और कानूनी प्रक्रिया के तहत शव का पोस्टमार्टम कराया।

### उप्र : शामली में पत्नी की गला घोंटकर हत्या के मामले में पति गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर :** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में शनिवार को पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अवैध संबंध के शक में पत्नी की हत्या की। अपर पुलिस अधीक्षक (शामली) सुमित शुक्ला ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब पति ने अपनी पत्नी को कथित तौर पर एक युवक के साथ अपने घर के अंदर देखा। मृतका की पहचान 35 वर्षीय इशरत के रूप में हुई है, जो आरोपी आस मोहम्मद की पत्नी थी। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, इशरत ने कुछ वर्ष पहले आस मोहम्मद के साथ प्रेम विवाह किया था।

### मुख्यमंत्री मान और अरविंद केजरीवाल ने गुरुग्राम जेल में बंद संजीव अरोड़ा से मुलाकात की

**चंडीगढ़/ गुरुग्राम :** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को हरियाणा के गुरुग्राम में जेल में कैद पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा से मुलाकात की। अरोड़ा कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में गुरुग्राम की भोंडसी जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। गुरुग्राम की एक अदालत ने 19 मई को अरोड़ा की दो दिन की विस्तारित हिरासत अवधि पूरी होने के बाद उन्हें दो सप्ताह के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पार्टी सूत्रों के मुताबिक मान और केजरीवाल अपराह्न करीब दो बजे अरोड़ा से मिलने के लिए भोंडसी जेल पहुंचे और यह मुलाकात करीब 20 मिनट तक चली। पुलिस ने मान और केजरीवाल के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। आम आदमी पार्टी (आप) के 62 वर्षीय नेता अरोड़ा को प्रवर्तन निदेशालय ने नौ मई को चंडीगढ़ स्थित उनके आधिकारिक आवास से गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये के जीएसटी धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में छापेमारी के बाद की गई थी। अरोड़ा की गिरफ्तारी के बाद 'आप' ने केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए उस पर पार्टी नेताओं को डराकर भाजपा में शामिल कराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था। पंजाब सरकार ने अरोड़ा की गिरफ्तारी के बाद उनके विभागों को तीन अन्य मंत्रियों को सौंप दिया, लेकिन मंत्री पद पर बनाए रखा। अदालत इस मामले में अगली सुनवाई एक जून को करेगी।

### बिहार सरकार ने नीट-यूजी की परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के लिए मुफ्त बस यात्रा की घोषणा की

**पटना :** बिहार सरकार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) की 21 जून को दोबारा आयोजित परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्रों के लिए राज्य संचालित बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा मुहैया कराए जाने की शनिवार को घोषणा की। राज्य के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''नीट परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बिहार राज्य की सभी सरकारी बसों में आवागमन निः शुल्क रहेगा।'' उन्होंने कहा, ''साथ ही, जिला प्रशासन, राज्य के सभी मठ-मंदिरों एवं गैर-सरकारी संगठनों से आग्रह है कि बस अड्डों, रेलवे स्टेशन तथा अन्य प्रमुख स्थानों पर परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए पेयजल, सत्तू आदि की व्यवस्था में सहयोग करें। सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं!'' मुख्यमंत्री ने यह नहीं बताया कि मुफ्त बस यात्रा की सुविधा केवल परीक्षा के दिन उपलब्ध होगी या परीक्षा की तारीख तक की अवधि के लिए होगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तीन मई को हुई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) को प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बीच हाल में रद्द कर दिया था। मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है और दोबारा परीक्षा 21 जून को होनी है।

## बिहार जल्द ही एआई नीति लागू करेगा: सम्राट चौधरी



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार बिहार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का प्रमुख केंद्र विकसित करने की योजना के तहत जल्द ही एआई नीति लागू करेगी। चौधरी ने पटना के ऊर्जा सभागार में 'बिहार एआई शिखर सम्मेलन 2026' के उद्घाटन समारोह में कहा कि एआई शासन और पारदर्शिता में सुधार करने तथा बिहार के विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, ''बिहार एआई केंद्र बनने की दिशा में काम करना जारी रखेगा और सरकार जल्द ही एआई नीति लाएगी। एआई के माध्यम से बिहार देश के अग्रणी विकसित राज्यों में शामिल होगा। चौधरी ने सभी सरकारी विभागों से कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और सार्वजनिक सेवा वितरण में सुधार के लिए एआई का अधिकतम उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने विशेष रूप से राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए 'सहयोग शिविरों' का उल्लेख किया तथा कहा कि एआई तकनीक से जन शिकायतों के समाधान में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सहयोग शिविरों' में प्राप्त शिकायतों का समाधान 30 दिन के भीतर किया जाना चाहिए, अन्यथा संबंधित अधिकारी को 31वें दिन मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा निलंबित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'एआई हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा बनने जा रहा है। आज करीब 120 करोड़ लोग मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के संचार क्षेत्र में क्रांति ला दी है और एआई भविष्य को आकार देने में अहम भूमिका निभाएगा।' चौधरी ने बिहार में बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं को मजबूत करने का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी दिया और कहा कि अगले चरण में एक समृद्ध और तकनीकी रूप से उन्नत राज्य के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि प्रस्तावित 125 किलोमीटर लंबी गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना, जिसकी अनुमानित लागत 30,000 करोड़ रुपये है, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत अगले तीन वर्षों में पूरी हो जाएगी। चौधरी ने कहा कि लंबे समय से लंबित विक्रमशिला विश्वविद्यालय परियोजना चालू वित्त वर्ष में साकार हो जाएगी, जबकि जुलाई से 211 ब्लॉक में डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के सभी 534 ब्लॉक में मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएंगे। योजना के अनुसार, पटना में ऐसे 10 स्कूल स्थापित किए जाएंगे, जबकि गया, बिहार शरीफ, भागलपुर, पूर्णिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, हाजीपुर और छपरा सहित नगर निगम शहरों में पांच-पांच स्कूल स्थापित किए जाएंगे।

## वर्ग पहेली नं. 3448

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | ■ | 4 | 5 | |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ | 6 | | ■ |
| 7 | | | ■ | 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 |
| | ■ | 12 | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | |
| 16 | 17 | ■ | 18 | | | ■ | 19 | 20 | |
| ■ | 21 | 22 | | ■ | ■ | 23 | | | ■ |
| ■ | 24 | | ■ | 25 | | | ■ | | ■ |
| 26 | | | | | ■ | ■ | 27 | | 28 |
| | ■ | | ■ | 29 | | | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) आसपास, 4) एक सिक्का, 6) काग़ज़ का छोटा टुकड़ा, 7) निषिद्ध, 8) भुलावा, 10) उपलक्ष्य में, 12) जी, 14) कबूतर, 16) कमर, 18) मुश्किल, 19) साहस; कलेजा, 21) बिंदी, 23) वस्त्र, 24) उत्तर, 25) इशारा, 26) मृत्यु, 27) खतम, 29) कंजूस.

*ऊपर से नीचे:-* 1) फ़ालतू 2) सब से छोटा, 3) शैशव, 4) दिलचस्पी, 5) एक बिहारी शहर, 9) वजह से, 11) क्रोधपूर्ण दृष्टि; भ्रूभंगिमा, 13) जाली, 15) उचित, 17) एक पक्षी, 20) अहंकारी, 22) चहचहाहट, 23) अस्त, 25) प्रयाग *(गंगा - यमुना)*, 26) हथियार, 27) गाडर नामक घास की सुगंधित जड़, 28) सौ में सौ; कुल

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बे | शु | मा | र | ■ | वि | च | लि | त | ■ |
| ■ | ■ | धु | त | का | र | ना | ■ | क | मी |
| फ़ | रा | री | ■ | र | क्त | ■ | अ | ■ | च |
| स | ■ | ■ | ज | वाँ | ■ | ग | प | क | ना |
| ल | बा | ल | ब | ■ | आ | ■ | रो | ड़ा | ■ |
| ■ | दा | ता | ■ | स | म | क | क्ष | ■ | अं |
| आ | म | ■ | द | ना | द | न | ■ | भू | त |
| रो | ■ | ला | ■ | त | ■ | कौ | ■ | ■ | र्ग |
| प | ह | ल | वा | नी | ■ | वा | हि | या | त |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3406

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 9 | | | |
| | | | | | 8 | | | |
| 9 | 7 | | | 4 | 3 | | 5 | 8 |
| | 4 | | | 5 | | | 7 | 1 |
| 2 | | 5 | 7 | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | | 9 | 4 | | 1 | 7 |
| | 5 | | | | | | | |
| | | 2 | 3 | | | | 9 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3405 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 6 | 8 | 9 |
| 6 | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | 7 | 5 | 4 |
| 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 1 |
| 4 | 6 | 9 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 7 |
| 3 | 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 | 8 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 5 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 9 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 4 | 1 | 2 | 3 |
| 5 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 | 9 | 6 |

# भर्ती घोटालों से बंगाल की बदनामी हुई, अगले बजट सत्र में नयी नीति पेश की जाएगी : शुभेंदु अधिकारी

## कहा... 'परीक्षार्थियों को मिलेगी ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी'



**कोलकाता, समाज्ञा**

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को आरोप लगाया कि राज्य की पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में हुए विभिन्न भर्ती घोटालों के कारण राज्य की बदनामी हुई है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार विधानसभा के अगले बजट सत्र में नयी भर्ती नीति लाएगी। उन्होंने कहा इससे राज्य की साख को गहरा नुकसान पहुंचा और राज्य को इस स्थिति से बाहर निकालने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा के अगले बजट सत्र में नयी भर्ती नीति बनाने के लिए एक विधेयक पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की इच्छा है कि भर्ती परीक्षाओं में उपयोग की गई ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन (ओएमआर) उत्तर पुस्तिका की प्रति (कार्बन कॉपी) परीक्षा के तुरंत बाद परीक्षार्थियों को दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें ज्ञात हुआ है कि अब तक राज्य की भर्ती परीक्षाओं में ओएमआर शीट की प्रति परीक्षार्थियों को नहीं दी जाती थी। अधिकारी ने कहा कि यह बेहद खराब और दुर्भावनापूर्ण है। भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए ऐसा किया जाता था। इस दिन, केंद्र सरकार द्वारा आयोजित रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए अधिकारी ने कहा कि शिक्षा और बौद्धिकता के उच्च मानकों के लिए पहचाने जाने वाले स्कूल भर्ती और नगर निकाय भर्ती घोटालों के कारण 'बदनामी' हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपने पश्चिम बंगाल को इस स्थिति से बाहर निकालना होगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र इस कदर बदनाम हो गए कि पूर्व रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे और पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने राज्य में अपनी भर्ती परीक्षाएं आयोजित करना बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं को बिहार, असम और ओडिशा जैसे पड़ोसी राज्यों में जाकर परीक्षाएं देनी पड़ रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि साक्षात्कार को सबसे अधिक अंक देने की राज्य सरकार की मौजूदा भर्ती प्रणाली उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि साक्षात्कार के न्यूनतम अंक होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती तृणमूल सरकार ने राज्य भर्तियों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षण के '100 बिंदु रोस्टर' की संवैधानिक बाध्यता का पालन नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा लोकसभा और राज्यसभा में संशोधन के जरिए लागू किए गए ईडब्ल्यूएस के 10 प्रतिशत आरक्षण सहित इन सभी प्रावधानों को पश्चिम बंगाल में पूर्ववर्ती सरकार ने नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा कि हम भर्ती के लिए पारदर्शी लिखित परीक्षा, शैक्षणिक उत्कृष्टता का उचित मूल्यांकन और अनिवार्य 100 बिंदु रोस्टर का क्रियान्वयन चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि साक्षात्कार में दिए जाने वाले अंकों का प्रतिशत घटाया जाए और भर्ती संस्थाओं की वेबसाइट पर अभ्यर्थियों के अंक प्रकाशित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार की भर्ती प्रक्रिया उसी तरह होगी, जैसी रेलवे और अर्धसैनिक बलों जैसी केंद्र सरकार की संस्थाओं में होती है। उन्होंने कहा कि मेरा व्यक्तिगत मानना है कि भर्ती परीक्षाओं में उपयोग की गई ओएमआर शीट की एक प्रति संबंधित उम्मीदवारों को दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छह जून को पश्चिम बंगाल की सभी भर्ती संस्थाओं का एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने केंद्र सरकार के रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा प्रक्रिया को अपनाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों के बेहतर करियर के सपने के साथ उन्हें पढ़ाते हैं, लेकिन तृणमूल सरकार के दौरान राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भर्तियों में हुई अनियमितताओं ने उनके सपने चकनाचूर कर दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार उन अन्य 20 राज्यों की तर्ज पर चलेगी, जहां भाजपा की 'डबल इंजन' सरकारें हैं।

### विभागों से 61 लटकी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए रेलवे को जमीन सौंपने को कहा गया : मुख्यमंत्री

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में रुकी हुई 61 परियोजनाओं को पूरा करने के लिए संबंधित विभागों को रेलवे अधिकारियों को भूमि सौंपने का निर्देश दिया है। बता दें कि उत्तर दिनाजपुर जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास हिली और पूर्व मेदिनीपुर के नंदीग्राम स्थित परियोजनाओं सहित कई परियोजनाएं भूमि आवंटन संबंधी समस्याओं के कारण रुकी हुई हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य में रेलवे संपर्क सुधारने के लिए इन परियोजनाओं को पूरा करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। शुभेंदु ने कहा कि हमने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि वे रुकी हुई परियोजनाओं के लिए रेलवे को जमीन सौंप दें। उन्होंने कहा कि इन रेलवे परियोजनाओं में तेजी लाई जा रही है, जिससे 'डबल इंजन' सरकार का सकारात्मक प्रभाव लोगों को देखने को मिलेगा। शुभेंदु ने कहा कि पूर्वी कोलकाता के चिंगरीघाटा चौराहे पर न्यू गड़िया-एयरपोर्ट मेट्रो लाइन के लिए 366 मीटर लंबे पुल का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। शुभेंदु ने कहा कि हम 'डबल इंजन' सरकार के रूप में मिले इस अवसर का लाभ उठाकर विकास की गति बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार विकास परियोजनाओं के लिए मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी हासिल होगा, जब बंगाल विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा।

## बकरीद पर रहेगी सिर्फ एक दिन की छुट्टी, बंगाल सरकार ने पलटा ममता का फैसला

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की नयी भाजपा सरकार ने पिछली सरकार द्वारा घोषित ईद-उल-जुहा की दो दिन की छुट्टियां रद्द करके अब केवल 28 मई का एक दिन का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। वित्त विभाग की ओर से जारी नयी अधिसूचना में राज्य सरकार ने कहा कि 26 और 27 मई को घोषित छुट्टियां रद्द की जाती हैं, क्योंकि सूचना मिली है कि इस वर्ष ईद-उल-जुहा 28 मई को मनाई जाएगी। वित्त विभाग की नयी अधिसूचना में कहा गया है कि सूचना प्राप्त हुई है कि ईद-उल-जुहा (बकरीद) 28 मई 2026 (बृहस्पतिवार) को मनाई जाएगी। अधिसूचना में कहा गया है कि राज्यपाल परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 25 के तहत 28 मई 2026 (बृहस्पतिवार) को ईद-उल-जुहा (बकरीद) के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करते हुए प्रसन्नता व्यक्त करते हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अब 26 और 27 मई राज्य सरकार के सभी कार्यालयों और प्रतिष्ठानों के लिए सामान्य कार्य दिवस माने जाएंगे।

## आरजी कर मामला : सरकार ने निलंबित डॉक्टर के खिलाफ शुरू की विभागीय कार्यवाही

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हुई दुष्कर्म एवं हत्या की घटना के बाद निलंबित किए गए एक डॉक्टर के खिलाफ शनिवार को विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी और साथ ही स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में उसके प्रवेश के संबंध में अलग से जांच का आदेश दिया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, बर्दवान मेडिकल कॉलेज के रेडियो नैदानिक विभाग के पूर्व रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर (आरएमओ) और वर्तमान में आईपीजीएमई एंड आर, कोलकाता में जनरल सर्जरी में सेवारत स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉ. अविक दे के खिलाफ कार्यवाही शुरू की गई है। राज्यपाल आरएन रवि ने डॉक्टर के खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू करने की मंजूरी दे दी है, जो सितंबर




2024 से पश्चिम बंगाल सेवा (सीसीए) नियम, 1971 के तहत निलंबित हैं। अधिसूचना के अनुसार, आरोपों की गंभीरता का आकलन करने के बाद, यह निर्णय लिया गया कि डॉक्टर अविक दे के खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू करने की आवश्यकता है। आदेश में आगे कहा गया कि 'सेवा कोटा' के माध्यम से दे के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के संबंध में अलग जांच की जाएगी।


**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा**

**ई.निविदा क्रमांक डिप्टी सी.ई.–सी–एच,क्यू–02**

**दिनांक: 21.05.2026**

उप–मुख्य इंजीनियर (निर्माण)/मुख्यालय/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा, ई–निविदा नोटिस क्रमांक **डिप्टी सी.ई.–सी–एच, क्यू–02 दिनांक 21.05.2026** के द्वारा आमंत्रित करते है। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त निविदा में हस्तनिविदाएं स्वीकार्य नहीं होंगी तथा हस्ता निविदाओं को उपेक्षित कर दिया जाएगा। निविदाए पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** विद्युतीकृत नई लाइन/दोहरीकरण (डबलिंग)/तीसरी लाइन/चौथी लाइन, फ्लाई ओवर कार्य/बाईपास लाइन आदि के निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने, भू–तकनीकी (जियोटेक्निकल) जांच, सिग्नलिंग कार्य, विद्युत कार्य और परिचालन/यातायात कार्य सहित अंतिम स्थान/सर्वेक्षण (एफएलएस) आयोजित करने हेतु निविदा।, **निविदा का अनुमानित मूल्य:** रू. 48,10,20,000/–, **बयाना राशि अवधि (माह):** रू. 96,20,400/–, **कार्य समापन अवधि(माह):** 36 माह मानसून सहित, **ई–निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 21.05.2026 को 15.00 बजे बंद एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई आर ई पी एस के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करे। निविदाकर्ताओ से अनुरोध है, कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रो हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इस निविदा के लिए लागू होगा।

हस्ता.

उप–मुख्य इंजीनियर (निर्माण), मुख्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना संख्या- एन-235-62

टेली टेण्डर 05-2026

उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/टेली/मुख्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर एवं कृते भारत के राष्ट्रपति के ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेण्डर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से ई-टेन्डर आमंत्रित करते हैं।

**1. निविदा सूचना सं.:** एन-235-62 टेली टेण्डर 05-2026, **2.** कार्य का नामः अग्मेंटेशन एंड इम्प्रूवमेंट/अपग्रेडशन ऑफ़ टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर बाई सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग, कमीशनिंग ऑफ़ आई.पी बेस्ड इण्टरकॉम एक्सचेंज एंड टेलीकॉम इक्विपमेंटस अलोंग विथ केबलिंग इन्क्लुडिंग एसोसिएटेड वर्क्स रिलेटेड टू फायर अलार्म सिस्टम, लाइटेनिंग अरेस्टर, पॉवर सप्लाई एंड रिप्लेसमेंट ऑफ़ ओल्ड एनालॉग पी.सि.एस.टी.ई. कांफ्रेस सिस्टम विथ डिजिटल ऑडियो कांफ्रेंस सिस्टम इन हेडक्वार्टर गोरखपुर, एन.ई.रेलवे। **3.** निविदा लागत 2,11,86,266.95/- (दो करोड़ ग्यारह लाख छियासी हजार दो सौ छियासठ रूपये और पचानबे पैसे मात्र), **4.** बिड सिक्यूरिटी (बयाना धनराशि): ₹ 4,23,700.00/-, **5.** ऑफर की वैधता 60 दिन, **6.** निविदा खोलने एवं बंद होने का तिथि तथा समयः दिनांक 25.06.2026 समय- 12.30 बजे, **7.** कार्य के पूर्ण करने की अवधिः 06 (छः) माह, **8.** मूल निविदा में किसी तरह के परिवर्तन के लिए कृपया इन्टरनेट वेबसाइट पर जारी शुद्धि पत्र का अवलोकन करें, **9.** विस्तृत निविदा सूचना, निविदा प्रपत्र, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**नोटः** निविदादाता/बिडर को अपने बिड के सभी निर्दिष्ट संलग्नों/फॉर्मेट/अनुलग्नक को अपलोड करना होगा।

**उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/टेली/मुख्यालय, गोरखपुर**

**मुजाधि/सिगनल-41**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापित यात्रा न करें।


### लक्ष्मी भंडार से जुड़े लाभार्थियों को ही मिलेगा अन्नपूर्णा भंडार का लाभ : अग्निमित्रा पाल



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में योजनाओं को लेकर एक बार फिर राजनीति तेज हो गई है। महिला और बाल विकास मंत्री अग्निमित्रा पाल ने शनिवार को कोलकाता में एक बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुये बड़ा बयान देते हुए कहा कि जो महिलाएं पहले से 'लक्ष्मी भंडार' योजना का लाभ ले रही थीं, उन्हें ही एक जून से 'अन्नपूर्णा भंडार' योजना का पैसा मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो लोग पहले 'लक्ष्मी भंडार' के दायरे में नहीं थे, उनके खाते में एक जून से तीन हजार रुपये नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की इस नई योजना का लाभ सीमित लोगों तक ही रहेगा और नए लाभार्थियों को इससे वंचित रखा जा सकता है।

### अभिनेत्री स्वास्तिका मुखर्जी से पुलिस ने की पूछताछ

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में 2021 के विधानसभा चुनाव के परिणामों की घोषणा के बाद कथित तौर पर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में बंगाली फिल्म अभिनेत्री स्वास्तिका मुखर्जी और अभिनेता परमब्रत चट्टोपाध्याय के खिलाफ दर्ज मामले के संबंध में पुलिस ने शनिवार को उनसे (स्वास्तिका) पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दक्षिण कोलकाता के गरियाहाट थाने में स्वास्तिका से करीब एक घंटे तक पूछताछ की गई।

## दक्षिण दमदम नगरपालिका के तृणमूल पार्षद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

### घर से फंदे पर लटका मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण दमदम नगरपालिका के तृणमूल कांग्रेस के पार्षद संजय दास (50) शनिवार को कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में स्थित अपने घर पर कमरे में फंदे से लटके हुए मिले। नगरपालिका के 'चेयरमैन-इन-काउंसिल' संजय दास को एक स्थानीय निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह नागेरबाजार इलाके में रहते थे। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है, हालांकि अभी तक कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। स्थानीय नागेरबाजार पुलिस थाने में अप्राकृतिक मृत्यु का एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि अनिवार्य



पोस्टमार्टम प्रक्रिया के बाद दास का शव उनके परिवार को सौंप दिया जाएगा। इस घटना से दास के समर्थक और मित्र दुखी हैं। कई लोग अस्पताल परिसर के बाहर इंतजार करते देखे गए। नगरपालिका के वार्ड 18 का प्रतिनिधित्व करने वाले दास, बिधाननगर तृणमूल पार्षद और पूर्व पार्टी विधायक अदिति मुंशी के पति देवराज चक्रवर्ती के करीबी माने जाते थे।

## राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सभी विभागों से मांगी रिक्तियों की जानकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने प्रशासनिक तंत्र को मजबूत करने और विभागों में भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने की एक नई पहल के तहत सभी प्रशासनिक विभागों को तीन जून तक रिक्त पदों को लेकर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। वित्त (लेखापरीक्षा) विभाग द्वारा जारी एक पत्र में, राज्य सरकार ने कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य 'कुशल सेवा वितरण' सुनिश्चित करना और काफी समय से लंबित बड़ी संख्या में रिक्त पदों को भरना है। आदेश में कहा गया है कि प्रशासन तंत्र को मजबूत करने और कुशल सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए, राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों में रिक्त




पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया है। वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा 22 मई को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि विभागों को अपनी वर्तमान रिक्तियों की स्थिति की 'व्यापक समीक्षा' करनी होगी और निर्धारित प्रारूप में समेकित रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। पत्र में कहा गया कि इस तथ्य को संज्ञान में रखते हुए कि काफी संख्या में पद लंबे समय से रिक्त हैं, वर्तमान रिक्त पदों की स्थिति की व्यापक समीक्षा करना अनिवार्य है। आदेश के मुताबिक, विभागीय कार्यालयों, निदेशालयों और क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए अलग-अलग रिक्तियों का विवरण तैयार करना होगा। सरकार ने यह भी रेखांकित किया कि सीधी भर्ती के प्रस्तावों के साथ 'पर्याप्त औचित्य' प्रस्तुत किए जाने चाहिए। इस पत्र में मामले को 'अत्यंत अत्यावश्यक और महत्वपूर्ण' बताया गया है और सभी विभागों से समयसीमा का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है।

## बरानगर में तृणमूल नेता शंकर राउत समेत छह गिरफ्तार

### रंगदारी और महिला से मारपीट का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बरानगर इलाके में तृणमूल कांग्रेस से जुड़े नेता शंकर राउत समेत छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों पर रंगदारी मांगने, मारपीट करने, धमकाने और महिला के साथ अश्लील हरकत करने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 10.30 बजे बरानगर के अस्पताल परिसर के पास हंगामे की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छह लोगों को हिरासत में लेकर बरानगर थाने लाई। बाद में सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। बनहुगली क्षेत्र की निवासी एक महिला ने शंकर राउत और उसके सहयोगियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि आरोपितों ने उससे 50 हजार रुपये की मांग की थी। रकम देने से इनकार करने पर उसके साथ मारपीट की गई। शिकायत में कहा गया है कि महिला को बंदूक की बट से पीटा गया और उसके साथ बदसलूकी भी की गई। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपितों ने उसके घर की अलमारी से 10 हजार रुपये निकाल लिए। साथ ही, एक सोने की चेन छीनने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि स्थानीय लोग मौके पर नहीं पहुंचते तो उसकी जान भी जा सकती थी। पुलिस ने इस मामले में शंकर राउत के अलावा अर्पण दत्त, देबज्योति बनिक, सुबल डे, देबाशीष दास और सुब्रत सरकार को भी गिरफ्तार किया है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, सभी आरोपित तृणमूल कांग्रेस के करीबी माने जाते हैं। सूत्रों के अनुसार, शंकर राउत के खिलाफ पहले भी रंगदारी और मारपीट के आरोप लग चुके हैं। बारासात के एक व्यवसायी के साथ मारपीट के मामले में भी उसका नाम सामने आया था। पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। शनिवार को उन्हें बैरकपुर महकमा अदालत में पेश किया जाएगा।

## खिड़की-दरवाजे तोड़कर स्कूल में घुसे बदमाश, कोलकाता के बालिका विद्यालय में तांडव

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के गड़ियाहाट थाना क्षेत्र में स्थित कमला चटर्जी गर्ल्स हाई स्कूल में शनिवार के तड़के कथित रूप से एक दल बदमाशों ने घुसकर जमकर तोड़फोड़ की। घटना को लेकर स्कूल प्रशासन में भारी चिंता का माहौल है।

स्कूल सूत्रों के अनुसार, घटना तड़के करीब 4.30 बजे की है। आरोप है कि कुछ युवक स्कूल का मुख्य फाटक लांघकर परिसर में घुस आए और वहां मौजूद एक भवन में तोड़फोड़ शुरू कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल प्रबंधन ने सुबह ही गड़ियाहाट थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। स्कूल प्रशासन का कहना है कि जिस भवन में तोड़फोड़ की गई, वह स्कूल की अपनी संपत्ति नहीं है। उस भवन को किराये पर लेकर प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाएं संचालित की जाती हैं। बदमाशों ने उसी हिस्से को निशाना बनाया। स्कूल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कथित तौर पर पूरी घटना कैद हुई है। फुटेज में देखा गया है कि तड़के कुछ युवक स्कूल के मुख्य द्वार को पार कर अंदर प्रवेश कर रहे हैं। इसके बाद वे भवन के भीतर घुसकर तोड़फोड़ करते दिखाई दे रहे हैं। जिला स्कूल शिक्षा विभाग के सूत्रों के मुताबिक, आगामी सोमवार को प्रधानाध्यापिका से बातचीत कर आगे की कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्णय लिया जाएगा।


**पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के तहत नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

**शुद्धिपत्र एवं परिशिष्ट**

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के तहत कटिहार मंडल के कटिहार–सोनैली और कटिहार–कुरेठा खंडों में कटिहार, मानियान, कुरेठा, डंडखोरा और सोनैली स्टेशनों पर एक दिन के लिए सीआरएस निरीक्षण के साथ तीन दिनों के लिए बिफोर प्री–नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य, तीन दिनों के लिए प्री–नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य, तीन दिनों के लिए नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के कारण, ट्रेनों के नियंत्रण के संबंध में पूर्व प्रकाशित ऊपर दिए गए विज्ञापन के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि ट्रेन आवागमन में निम्नलिखित शुद्धिपत्र और परिशिष्ट निम्नानुसार जारी किए गए हैं: **ट्रेन का निरस्तीकरण:** 55701 मालदा टाउन–कटिहार पैसेंजर पूर्व अधिसूचित तिथियों अर्थात (यात्रा शुरू दिनांक) 10.06.26, 11.06.26, 12.06.26, 13.06.26 और 14.06.26 के बदले, (यात्रा शुरू दिनांक) 11.06.26, 12.06.26, 13.06.26, 14.06.26 और 15.06.26 को निरस्त रहेगी। **ट्रेनों का अतिरिक्त मार्ग परिवर्तन :** पूर्व घोषित मार्ग परिवर्तन के अलावा, 13169 सियालदह–सहरसा हाटे बाजारे एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 11.06.26) और 13170 सहरसा–सियालदह हाटे बाजारे एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 12.06.26) को भी दोनों दिशाओं में कटिहार–नवगछिया–सहरसा होकर मार्ग परिवर्तित किया जाएगा और पूर्णिया, बनमनखी, मुरलीगंज एवं दौराम मधेपुरा स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी। अन्य सभी निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**


### कांग्रेस ने 21 जुलाई को कोलकाता में रैली की घोषणा की



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि वह आगामी 21 जुलाई को 'शहीद मीनार' पर एक रैली आयोजित करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने पार्टी के 'बिधान भवन' कार्यालय में यह घोषणा करते हुए कहा कि कांग्रेस लगभग तीन दशकों में यहां इस कार्यक्रम का आयोजन करेगी। यह कदम विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस की करारी हार और उसके बाद पार्टी के भीतर चल रही उथल-पुथल के मद्देनजर उठाया गया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्षों से तृणमूल कांग्रेस ने प्रभावी रूप से कार्यक्रम पर 'कब्जा' कर लिया था और कांग्रेस को सार्वजनिक रूप से इस दिन को मनाने से रोक दिया था। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि वर्षों तक हमें सार्वजनिक रूप से कार्यक्रम आयोजित करने की प्रशासनिक अनुमति नहीं दी गई। हमें शहीद दिवस बिधान भवन के अंदर अस्थायी शेड में मनाना पड़ा। शुभंकर सरकार और पार्टी पर्यवेक्षक गुलाम अहमद मीर ने कांग्रेस में रहे नेताओं को खुला निमंत्रण दिया। शुभंकर सरकार ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास रखने वाले और पूर्व में कांग्रेस से जुड़े रहे नेताओं के लिए पार्टी के दरवाजे खुले हैं। उनका हार्दिक स्वागत किया जाएगा।''

## साल्टलेक स्टेडियम में लगी विवादित प्रतिमा ध्वस्त की गई

**कोलकाता, समाज्ञा :** साल्टलेक स्टेडियम के वीवीआईपी गेट के बाहर स्थित एक विवादास्पद प्रतिमा को राज्य सरकार के निर्देशों के बाद शनिवार की सुबह ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। खेल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के साथ परामर्श के बाद और फुटबॉल प्रेमियों के बीच स्टेडियम परिसर की मजबूत पहचान बहाल करने की योजनाओं के अनुरूप प्रतिमा को हटाने का फैसला लिया गया। अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि पूरे राज्य में फुटबॉल प्रशंसकों का साल्टलेक स्टेडियम के साथ एक भावनात्मक जुड़ाव है। हमारा उद्देश्य स्टेडियम के बाहर एक



सुंदर और सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक खेल प्रतीक का निर्माण करना है। अधिकारी के मुताबिक, ध्वस्तीकरण के बाद स्टेडियम के बाहर प्रतिमा के दोनों पैर और उन पर रखी हुई फुटबॉल बची हुई हैं। उन्होंने बताया कि पुराने ढांचे की जगह किसी प्रसिद्ध फुटबॉलर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर पहले से ही चर्चा की जा रही है। अधिकारी के अनुसार, हम एक ऐसा प्रतीक चाहते हैं, जो वास्तव में पश्चिम बंगाल की फुटबॉल विरासत को दर्शाता हो और युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करता हो।


विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | samagya.in

230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

# स्कूल बैग के वजन और होमवर्क की सीमा तय, बंगाल सरकार का बड़ा फैसला

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में स्कूली बच्चों को अब किताबों और कॉपियों के भारी बोझ से राहत मिलने जा रही है। छात्रों के शारीरिक और मानसिक तनाव को कम करने के लिए राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूल बैग के वजन और होमवर्क को लेकर एक बेहद अहम और कड़ा दिशा-निर्देश जारी किया है। केंद्रीय शिक्षा विभाग के साथ मिलकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत इस नए नियम को तैयार किया गया है और इसे राज्य के सभी सरकारी व निजी स्कूलों में तुरंत लागू करने का निर्देश दिया गया है।



**शरीर के वजन का सिर्फ 10% ही होगा बैग का वजन**

नए नियमों के मुताबिक, किसी भी छात्र के स्कूल बैग का वजन उसके शरीर के कुल वजन के 10 प्रतिशत से ज्यादा नहीं हो सकता। छोटे बच्चों की रीढ़ की हड्डी और सेहत पर इसका बुरा असर न पड़े, इसलिए, क्लास के अनुसार बैग का वजन इस तरह तय किया गया है :

❑ प्री-प्राइमरी (नर्सरी/केजी) कोई स्कूल बैग नहीं लाना होगा

❑ पहली और दूसरी : अधिकतम 2.2 किलो

❑ तीसरी से पांचवीं : अधिकतम 2.5 किलो

❑ छठी और सातवीं : 2 से 3 किलो के बीच

❑ आठवीं : अधिकतम 4 किलो

❑ नौवीं और दसवीं : अधिकतम 4.5 किलो

❑ ग्यारहवीं और बारहवीं : अधिकतम 5 किलो

**होमवर्क पर भी लगी कड़क लगाम**

अक्सर देखा जाता है कि स्कूल के बाद बच्चे घर पर भी घंटों होमवर्क के बोझ तले दबे रहते हैं। इस मानसिक तनाव को दूर करने के लिए शिक्षा विभाग ने सख्त गाइडलाइंस जारी की हैं:

❑ कक्षा 1 और 2 : इन बच्चों को कोई भी होमवर्क नहीं दिया जाएगा।

❑ कक्षा 3 से 5: पूरे हफ्ते में अधिकतम सिर्फ 2 घंटे का होमवर्क दिया जा सकता है।

❑ कक्षा 6 से 8: रोजाना अधिकतम 1 घंटे का ही होमवर्क मिलेगा।

❑ कक्षा 9 और 10 : रोजाना अधिकतम 2 घंटे तक का होमवर्क दिया जा सकता है।

## सियालदह में 19वें रोजगार मेले का आयोजन, 51 हजार से अधिक युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** देशभर में रोजगार सृजन अभियान को गति देते हुए शुक्रवार को 19वें रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से देश के 47 केंद्रों पर आयोजित इस मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान 51 हजार से अधिक चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नव नियुक्त युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हें विकसित और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बताया।

कोलकाता में पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल द्वारा डॉ. बी.सी. राय प्रेक्षागृह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी मुख्य अतिथि तथा शिक्षा राज्य मंत्री एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार विशिष्ट अतिथि के



रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देऊस्कर, सियालदह मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजीव सक्सेना सहित विभिन्न केंद्रीय विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। दीप प्रज्वलन और स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अपने संबोधन में शुभेंदु अधिकारी ने नव नियुक्त युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। वहीं, डॉ. सुकांत मजूमदार ने रोजगार मेलों को युवाओं के सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम के दौरान चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। उत्साहित युवाओं ने इस अवसर के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझि ने कहा कि यह आयोजन युवाओं की आकांक्षाओं को देश के विकास से जोड़ने की दिशा में महत्व-पूर्ण कदम है।

## बंधन बैंक ने एनआरआई ग्राहकों के लिए लॉन्च किए प्रीमियम सेविंग्स अकाउंट

**कोलकाता, समाज्ञा**

बंधन बैंक ने अपने एनआरआई (अनिवासी भारतीय) ग्राहकों के लिए प्रीमियम बैंकिंग सेवाओं की नई श्रृंखला लॉन्च की है। बैंक ने एलीट, एलीट प्लस और लिगेसी सेविंग्स अकाउंट पेश किए हैं, जिन्हें ग्राहकों को आधुनिक और बेहतर बैंकिंग अनुभव देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इन प्रीमियम अकाउंट्स के साथ ग्राहकों को प्रीमियम डेबिट कार्ड, अनलिमिटेड फ्री कैश डिपॉजिट, आरटीजीएस, एनईएफटी और आईएमपीएस जैसी मुफ्त ट्रांजैक्शन सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा ग्राहकों को हर महीने मुफ्त मूवी टिकट, एयरपोर्ट लाउंज एक्सेस, जीरो फॉरेक्स मार्कअप और चुनिंदा गोल्फ क्लबों में प्रीमियम गोल्फ सेशन जैसी लाइफस्टाइल सुविधाओं का लाभ भी मिलेगा। लिगेसी अकाउंट धारकों को अतिरिक्त रिवॉर्ड पॉइंट्स, विशेष वाउचर, माइलस्टोन आधारित ऑफर और डेबिट कार्ड पर बेहतर इंश्योरेंस कवर भी प्रदान किया जाएगा। बंधन बैंक के ईडी एवं सीबीओ राजिंदर कुमार बब्बर ने कहा कि नई सेवाएं एनआरआई ग्राहकों की बदलती जरूरतों और आधुनिक जीवनशैली को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं। वर्तमान में बैंक देशभर में 6,350 से अधिक बैंकिंग आउटलेट्स के जरिए 3.2 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों को सेवाएं दे रहा है।

## विकास के संकल्प के साथ विधायकों का सम्मान





**❑ नागरिक स्वास्थ्य संघ एवं पश्चिम कलकत्ता स्काउट ने किया आयोजन**

**कोलकाता :** नागरिक स्वास्थ्य संघ तथा भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, पश्चिम कलकत्ता ने भव्य जन गौरव सम्मान समारोह में नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान किया। महाजाति सदन एनेक्स सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जगद्दल के विधायक डॉ. राजेश कुमार एवं जोड़ासांको के विधायक विजय ओझा का भव्य अभिनंदन किया गया।

अपने सारगर्भित वक्तव्य में डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि पिछली सरकार के समय जनता को अनेक कठिनाइयों एवं समस्याओं का सामना करना पड़ता था, जबकि आज लोग अधिक स्वतंत्रता एवं विश्वास महसूस कर रहे हैं।

वहीं विजय ओझा ने अपने संबोधन में कहा कि पार्षद से विधायक बनने तक का उनका सफर संघर्षों एवं चुनौतियों से भरा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में जनता भाजपा सरकार तथा जोड़ासांको क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से देखेगी।

इसके पूर्व कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य देते हुए नागरिक स्वास्थ्य संघ के अध्यक्ष कुंज बिहारी अग्रवाल ने सभी अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन किया।

इससे पूर्व भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, पश्चिम कलकत्ता के मुख्य संरक्षक एवं समाजसेवी राकेश हिमतसिंका ने आशीर्वचन दिया।

कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर नागरिक स्वास्थ्य संघ की ओर से उपाध्यक्ष इंद्र कुमार डागा, महासचिव विकास चंद चांडक, सह सचिव नरेंद्र अग्रवाल,गोवर्धन दास मूंधड़ा , मदन मोहन दम्मानी, महेश आचार्य, संजय सांगानेरिया, विकास जायसवाल आदि उपस्थित रहे। वहीं भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, पश्चिम कलकत्ता के अध्यक्ष सुशील बोथरा, संयोजक चिरंजीब प्रसाद , सुवर्णा मालाकार, मिलन मवानी, आनंद सिंह खरवार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## रायगंज मेडिकल कॉलेज की चौथी मंजिल से गिरकर मरीज की मौत

**रायगंज :** रायगंज मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की इमारत की चौथी मंजिल से गिरकर एक भर्ती मरीज की मौत हो गई। इस घटना से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी उम्र करीब 45 वर्ष बताई जा रही है।

अस्पताल सूत्रों के अनुसार, मृतक की बाईं आंख पर चोट के ऊपर पट्टी बंधी हुई थी। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि वह आंख के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती था। शनिवार की सुबह अस्पताल भवन की चौथी मंजिल की एक खिड़की से वह नीचे गिर गया। बताया गया है कि जिस खिड़की से वह गिरा, उसके पास का एक पल्ला टूटा हुआ था। नीचे गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना देख अस्पताल के सुरक्षाकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और शव को बरामद किया गया। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक, अज्ञात पहचान वाला यह व्यक्ति पिछले दो दिनों से अस्पताल के सर्जरी विभाग में भर्ती था। बताया जा रहा है कि वह मानसिक रूप से अस्थिर भी था। कई बार वह अपने बिस्तर से उठकर अस्पताल के विभिन्न वार्डों में घूमता रहता था। इस घटना के बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इस संबंध में डॉ. प्रियंकर राय, एमएसवीपी, रायगंज मेडिकल कॉलेज अस्प-ताल ने कहा कि पूरे मामले की जांच पुलिस कर रही है।



**यूथ एसोसिएशन (मोहम्मद अली पार्क दुर्गा पूजा समिति, कोलकाता) द्वारा हरियाणा भवन में नवनिर्वाचित विधायकों के लिए अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विधायक तापस राय, विधायक विजय ओझा, विधायक पूर्णिमा चक्रवर्ती के साथ प्रियंका टिबड़ेवाल समेत अन्य का सम्मान किया गया। इस मौके पर वेद प्रकाश तिवारी समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।**

## अमेजन ग्रेट समर सेल में एआई-पावर्ड शॉपिंग और बंपर ऑफर्स का लाभ उठा रहे ग्राहक

**कोलकाता, समाज्ञा**

अमेजन इंडिया की 'ग्रेट समर सेल 2026' में ग्राहकों को स्मार्टफोन, फैशन, ब्यूटी, होम-किचन और इलेक्ट्रॉनिक्स समेत कई कैटेगरी में आकर्षक ऑफर्स मिल रहे हैं। सेल के दौरान सैमसंग, ऐप्पल, वनप्लस, डेल, नाइकी और लेवीज़ जैसे बड़े ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स पर भारी छूट दी जा रही है। प्राइम मेंबर्स को विशेष लाभ के तहत सभी कैटेगरी में 3% तक अतिरिक्त छूट और 2,500 की खरीदारी पर 250 तक का कैशबैक मिल रहा है।

वहीं, एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड और ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 10% तक की इंस्टेंट छूट का भी लाभ दिया जा रहा है। अमेजन ने इस बार ग्राहकों के शॉपिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एआई आधारित फीचर्स पेश किए हैं। 'रुफस', 'लेंस एआई', 'रिव्यू हाइलाइट्स' और 'प्राइस हिस्ट्री ट्रैकर' जैसे टूल्स ग्राहकों को सही प्रोडक्ट चुनने, कीमतों की तुलना करने और भरोसेमंद खरीदारी में मदद कर रहे हैं। सेल के दौरान मोबाइल और एक्सेसरीज़ पर 40% तक, होम अप्लायंस पर 65% तक और फैशन-ब्यूटी प्रोडक्ट्स पर 80% तक की छूट दी जा रही है। इसके अलावा अमेज़न पे के जरिए फ्लाइट, होटल और बस बुकिंग पर भी विशेष ऑफर्स और कैशबैक का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है।

## खड़गपुर में 19वें रोजगार मेले के तहत 142 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

**खड़गपुर :** केंद्र सरकार की ओर से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को देशभर के 47 स्थानों पर 19वें रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभिन्न केंद्रीय सरकारी विभागों और संगठनों में चयनित करीब 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। खड़गपुर में रोजगार मेले का आयोजन मल्टी-डिसिप्लिनरी जोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट/सुपरवाइजर्स ट्रेनिंग सेंटर में किया गया, जहां लगभग 142 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, पश्चिम





बंगाल सरकार के कृषि विपणन, पशु संसाधन विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री दिलीप घोष ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। अतिथियों ने नव नियुक्त अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए केंद्र सरकार की रोजगार सृजन पहल की सराहना की और युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में खड़गपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ललित मोहन पांडेय सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने भी अभ्यर्थियों को जनसेवा के महत्व से अवगत कराया। रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने, कौशल आधारित रोजगार को बढ़ावा देने और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने की दिशा में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

### जावा, येज्दी और बीएसए ग्राहकों के लिए 'लेजेंड्स केयर कैंप' शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** क्लासिक लेजेंड्स ने ग्राहकों को बेहतर आफ्टर-सेल्स सर्विस देने के उद्देश्य से 9 दिवसीय लेजेंड्स केयर कैंप शुरू करने की घोषणा की है। यह कैंप 23 से 31 मई 2026 तक देशभर के सभी अधिकृत जावा, येज्दी और बीएसए डीलरशिप नेटवर्क पर आयोजित किया जाएगा। कैंप के दौरान मोटरसाइकिलों की 72-पॉइंट जांच की जाएगी, जिसमें इंजन परफॉर्मेंस, ब्रेक, क्लच, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, टायर, सस्पेंशन और बैटरी की स्थिति की बारीकी से जांच शामिल होगी। ग्राहकों को सर्विस, स्पेयर पार्ट्स, लेबर और जेन्युइन एक्सेसरीज पर विशेष ऑफर भी दिए जाएंगे। क्लासिक लेजेंड्स के नेशनल बिजनेस ऑपरेशंस हेड जयप्रदीप वासुदेवन ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य राइडर्स को बेहतर सर्विस सपोर्ट और सुरक्षित राइडिंग अनुभव उपलब्ध कराना है।

### हावड़ा में कुख्यात अपराधी आकाश सिंह को लेकर पुलिस ने किया घटनास्थलों का दौरा

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा पुलिस ने पुराने आपराधिक मामलों की जांच को तेज करते हुए शनिवार को कुख्यात अपराधी आकाश सिंह को पुलिस हिरासत में लेकर कई घटनास्थलों का दौरा किया। मालीपांचघड़ा और गोलाबाड़ी थाना की संयुक्त टीम ने भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरोपी को साथ लेकर घटनाओं से जुड़े विभिन्न इलाकों में जांच अभियान चलाया। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थलों पर पहुंचकर अपराध की पूरी वारदात को दोबारा समझने और घटनाक्रम को पुनर्निर्मित करने की कोशिश की। इस दौरान आकाश सिंह से लगातार पूछताछ भी की गई। सूत्रों के अनुसार, पुलिस इस मामले में नए सबूत जुटाने के साथ-साथ अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। हालांकि, आरोपी आकाश सिंह ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि उसने कोई अपराध नहीं किया है।

## पश्चिम बंगाल में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति सामान्य

### घबराकर खरीदारी न करने की अपील

**कोलकाता, समाज्ञा :** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों इंडियनऑयल, बीपी-सीएल और एचपीसीएल ने पश्चिम बंगाल में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) की पर्याप्त उपलब्धता और निर्बाध आपूर्ति का आश्वासन दिया है। कंपनियों ने कहा कि राज्य में ईंधन आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह स्थिर और सामान्य बनी हुई है। तेल कंपनियों के अनुसार रिफाइनरी, टर्मिनल, बल्क स्टोरेज डिपो, एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों सहित पूरी सप्लाई चेन बिना किसी रुकावट के काम कर रही है। राज्य के सभी जिलों में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से आपूर्ति की जा रही है।

कंपनियों ने बताया कि वैश्विक स्तर पर तेल और गैस क्षेत्र में जारी अनिश्चितताओं के बावजूद लॉजिस्टिक्स, स्टॉक मूवमेंट और उत्पाद आपूर्ति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। तेल कंपनियों ने लोगों से सामान्य तरीके से खरीदारी जारी रखने और घबराकर ईंधन या एलपीजी का भंडारण नहीं करने की अपील की है। साथ ही उपभोक्ताओं को केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की सलाह दी गई है। यह जानकारी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पश्चिम बंगाल राज्य कार्यालय के राज्य स्तरीय समन्वयक एवं कार्यकारी निदेशक (पूर्वी क्षेत्र) जितेंद्र कुमार की ओर से जारी की गई।

## कोलकाता में सतर्कता प्रशासन पर राष्ट्रीय कार्यशाला, पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के संयुक्त तत्वावधान में सतर्कता मामलों पर 5वीं क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन 21-22 मई 2026 को किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम की मेजबानी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग एंड रिसर्च, कोलकाता ने की। कार्यशाला का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में सतर्कता प्रशासन को मजबूत करना, पारदर्शिता बढ़ाना और नैतिक प्रशासनिक व्यवस्था को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न संस्थानों से लगभग 54 मुख्य सतर्कता अधिकारियों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया, जबकि शिक्षा मंत्रालय और केंद्रीय सतर्कता आयोग के 13 अधिकारी भी मौजूद रहे। दोनों दिनों में कुल सात तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। केंद्रीय सतर्कता आयोग के मुख्य तकनीकी परीक्षक कपिल देव नारायण और निदेशक पी.के. मोहंती ने सार्वजनिक खरीद प्रणाली, पीआईडीपीआई एवं नॉन- पीआईडीपीआई शिकायतें, लोकपाल मामलों, सतर्कता मंजूरी तथा निवारक एवं दंडात्मक सतर्कता जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। समापन सत्र में एनआईटीटीटीआर कोलकाता एवं आईआईईएसटी शिबपुर के निदेशक प्रो. वी.एम.एस.आर. मूर्ति ने पारदर्शी प्रशासन के लिए सतत प्रशिक्षण की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर संयुक्त सचिव एवं सी-वीओ पूर्णेंदु किशोर बनर्जी, उप सचिव सौरांशु सिन्हा तथा सीवीसी निदेशक पी.के. मोहंती भी उपस्थित रहे।

## सेनको हाउस के ब्रांड सेनेस ने 'सीन एट कान्स' के साथ भारत में बिखेरा कान्स का ग्लैमर

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको हाउस के समकालीन लैब-ग्रोउन डायमंड ब्रांड सेनेस ने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में अपनी खास मौजूदगी दर्ज कराते हुए वैश्विक फैशन जगत का ध्यान आकर्षित किया। ब्रांड ने अपने चर्चित रेड-कार्पेट ज्वेलरी कलेक्शन 'ड्यूड्रॉप्स' को अब भारत में 'सीन एट कान्स' प्रदर्शनी के माध्यम से पेश करने की घोषणा की है। कान्स फिल्म फेस्टिवल के दौरान निर्माता और स्टाइल आइकन रिदा थराना ने इस विशेष कलेक्शन को रेड कार्पेट पर प्रस्तुत किया। अपनी अनूठी डिजाइन, आकर्षक चमक और आधुनिक ग्लैमर की नई व्याख्या के कारण यह कलेक्शन फेस्टिवल के सबसे चर्चित आकर्षणों में शामिल रहा। रिवेरा की भव्य चमक, कैमरों की फ्लैश लाइट्स और कूट्योर फैशन के माहौल के बीच 'ड्यूड्रॉप्स' ने अपनी सादगीपूर्ण शालीनता और





संतुलित आकर्षण से अलग पहचान बनाई।

इस कलेक्शन की प्रेरणा सुबह की ओस की चमकती बूंदों से ली गई है। 14 कैरेट गोल्ड और 105.5 कैरेट के एफजी-वीवीएस क्वालिटी वाले नाशपाती आकार के लैब-ग्रोउन डायमंड्स से तैयार यह ज्वेलरी प्राकृतिक सुंदरता और आधुनिक लग्जरी का अनूठा मेल प्रस्तुत करती है। इसकी हल्की, प्रवाहमयी और नाजुक डिजाइन ओस की बूंदों की चमक और कोमलता का एहसास कराती है।

सेनेस की जोइता सेन ने कहा कि इस कलेक्शन का उद्देश्य ऐसी खूबसूरती को प्रस्तुत करना है, जो प्राकृतिक, सहज और भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई महसूस हो। उन्होंने कहा कि 'सीन एट कान्स' के जरिए ब्रांड इस अंतरराष्ट्रीय डिजाइन कहानी को भारतीय दर्शकों तक पहुंचाना चाहता है। कान्स 2026 में सेनेस की मौजूदगी केवल रेड कार्पेट तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह भारतीय डिजाइन, उत्कृष्ट कारीगरी और आधुनिक लग्जरी को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का मजबूत उदाहरण भी बनी। एले, पिंकविला और हार्पर्स बाजार जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी इस कलेक्शन की विशेष सराहना और व्यापक चर्चा हुई।

## लेकटाउन श्री बाल हनुमान मंदिर में सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ शुरू

**कोलकाता :** लेकटाउन स्थित श्री बाल हनुमान मंदिर में अधिक मास के शुभ अवसर पर दशम सवा लाख श्री हनुमान चालीसा पाठ पारायण का शुभारंभ हुआ। इस आशय की जानकारी देते हुए मंदिर के प्रमुख सेवायत पूज्य बजरंग लाल जी शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर लेकटाउन मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा ने बांगड़ एवेन्यू, जेसोर रोड और लेकटाउन के विविध अंचलों की परिक्रमा की। पाठ पारायण के शुभ अवसर पर राजारहाट न्यूटाउन के विधायक पीयूष कानोड़िया उप-स्थित हुए। आयोजन समिति के चेयरमैन हरिकिशन राठी ने बताया कि आज से 12 जून तक प्रतिदिन 31 विद्वान पंडितों द्वारा प्रातः 8 बजे से दोपहर 1.30 तथा सांय 4 से रात्रि 8.30 तक सामूहिक पाठ अनुष्ठित होगा। आयोजन की



सफलता हेतु सर्वश्री सुधीर शर्मा, संदीप अग्रवाल, अमित कुमार धानुका, दीपक सोमानी, गंगा प्रसाद चौधरी, दीनदयाल जोशी, अनूप जोशी, गगन कड़ेल, अरूण शर्मा, मनोज अग्रवाल, प्रमोद बगड़िया, प्रवीण मित्तल एवं अन्य सक्रिय हैं।

## अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय स्थायी समिति की बैठक

**❑ संगठन की शक्ति एकता और सेवा में : पवन गोयनका**

**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय स्थायी समिति की बैठक दिनांक 23 मई 2025 को सम्मेलन सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता (जूम के माध्यम से) राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार गोयनका ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार गोयनका ने कहा कि आज अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के सत्र 2025-27 की प्रथम राष्ट्रीय स्थायी समिति बैठक में आप सभी के बीच उपस्थित होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। आप सभी की गरिमामयी उपस्थिति इस बैठक को ऊर्जा एवं दिशा प्रदान कर रही है। अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का



इतिहास सेवा, संस्कार और सामाजिक एकता का इतिहास रहा है।

राष्ट्रीय महामंत्री केदारनाथ गुप्ता ने सम्मेलन की गत बैठक की कार्यवाही प्रस्तुत की एवं सम्मेलन की गतविधियों का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसकी उपस्थित सदस्यों ने सराहना की।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, भवन उपसमिति के चेयरमैन एवं उच्च शिक्षा उपसमिति के संयोजक संतोष सराफ ने भवन निर्माण की प्रगति एवं क्रियान्वयन एवं उच्च शिक्षा में अब तक के दिए गए योगदान एवं सभा से छात्रों के और अधिक आवेदन भेजने के लिए आग्रह किया। उन्होंने भवन निर्माण हेतु नन्द लाल रुँगटा को धन्यवाद दिया जिनके अकेले योगदान से सम्मेलन का सपना अगले एक वर्ष में पूरा हो जाएगा। इसके अलावा भी राजनीतिक चेतना के संयोजक अरुण प्रकाश मल्लावत, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री एवं मायड़ भाषा के चेयरमैन रतन साह, वैवाहिक परिकोश्ट के चेयरमैन रामानंद रुस्तगी, सेमिनार उपसमिति के संयोजक विष्णु अग्रवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं स्वास्थ्य उपसमिति के संयोजक अनील मलावत, निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री एवं आईटी एंड वेबसाइट के चेयरमैन कैलाशपति तोदी आदि ने अपने-अपने विचार रखे।

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गिरधारी लाल गोयनका ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

बैठक में राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री द्वय पवन कुमार जालान, पवन कुमार बंसल, अशोक पुरोहित, बिश्वनाथ भुवालका, दिनेश सराफ, पियूष क्याल, रमाकांत देवड़ा, आदित्य कसेरा, सांवर मल शर्मा, सुरेश अग्रवाल, अमित डाबरीवाल, गोपी धुवालिया, अनिल कुमार डालमिया, सुभाष चंद्र गोयनका, बिनोद कुमार लिहला, बाबू लाल बंका, महेश पटवारी, प्रकाश चंद्र हरलालका, राज कुमार अग्रवाल, सज्जन बेरीवाल, अमित कहली, अमित मुंधड़ा, संदीप सेकसरिया, इन्द्रचंद महरीवाल, उत्तम कुमार गुप्ता, शिव कुमार बागला, विनय सराफ, जगदीश प्रसाद सिंघी, राजेश अग्रवाल, मधुसूदन सफ्फड़, डॉ. सांवर धनानिया, महेश कुमार काबरा, सुमित झुनझुनवाला, अनिल जाजोदिया (ज़ूम), राज कुमार मिश्रा (ज़ूम), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, गोकुल चंद बजाज (ज़ूम), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, बसंत सुराणा (ज़ूम), राष्ट्रीय संगठन मंत्री, सज्जन शर्मा (ज़ूम), कमलेश नाहटा (ज़ूम) सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# स्कूलों से खत्म होगा 'राजनीतिक हस्तक्षेप', प्रबंधन समितियों की कमान अब अभिभावकों के हाथ में

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की स्कूल शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए विकास भवन ने राज्य के हजारों माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों की प्रबंधन समितियों में नियुक्त सरकारी नामित अध्यक्षों और सदस्यों के पद समाप्त कर दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग की सेकेंडरी ब्रांच की ओर से इस महीने के मध्य में जारी एक जरूरी निर्देश में यह फैसला लिया गया। निर्देशिका में स्पष्ट कहा गया है कि राज्य के सभी स्पॉन्सर्ड स्कूलों की मैनेजिंग कमेटियों में शिक्षा विभाग द्वारा मनोनीत अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से रद्द की जा रही है। हालांकि स्कूलों के



प्रशासनिक कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए सभी जिला स्कूल निरीक्षकों (डीआई) को जल्द डीडीओ नियुक्त करने का निर्देश दिया गया है। शिक्षा विभाग के सूत्रों के मुताबिक, सरकार बदलने के बाद विभिन्न स्कूलों की प्रबंधन समितियों को भंग करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। अब निर्णय लिया गया है कि पुराने राजनीतिक रूप से मनोनीत सदस्यों को हटाकर पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव के माध्यम से नई प्रबंधन समितियों का गठन किया जाएगा। इस संबंध में केंद्र सरकार की नई गाइडलाइन भी राज्य सरकार को मिल चुकी है। नई व्यवस्था के तहत स्कूलों की प्रबंधन समितियों में न्यूनतम 12 और अधिकतम 25 सदस्य हो सकेंगे। प्राथमिक स्कूलों की समिति में 15 सदस्य, माध्यमिक स्कूलों में 20 सदस्य और उच्च माध्यमिक स्कूलों में अधिकतम 25 सदस्य होंगे। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि अब स्कूल प्रशासन में राजनीतिक नेताओं की जगह अभिभावकों और शिक्षाविदों की भूमिका बढ़ाई जाएगी। उच्च माध्यमिक स्कूलों की 25 सदस्यीय समिति में 75 प्रतिशत यानी 18 सदस्य अभिभावक होंगे। बाकी सदस्यों में दो स्थानीय जनप्रतिनिधि और अन्य स्थानीय शिक्षाविद शामिल होंगे। नई गाइडलाइन के अनुसार, समिति का चेयरपर्सन एक निर्वाचित अभिभावक होगा, जबकि उपाध्यक्ष भी अभिभावकों में से चुना जाएगा। स्कूल के प्रधानाध्यापक सदस्य सचिव की भूमिका निभाएंगे। समिति के सभी सदस्यों का चयन चुनाव के जरिए किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने प्रबंधन समितियों के कामकाज को लेकर भी कड़े नियम तय किए हैं। समिति का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। प्रधानाध्यापक को छोड़कर कोई भी सदस्य लगातार दो कार्यकाल तक समिति में नहीं रह सकेगा। हर महीने कम से कम एक बैठक आयोजित करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा साल में एक बार सभी अभिभावकों को लेकर वार्षिक आमसभा करनी होगी। विभाग की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि नए शैक्षणिक सत्र शुरू होने के एक महीने के भीतर सभी स्कूलों में नई प्रबंधन समितियों का गठन पूरा करना होगा। शिक्षा विभाग का मानना है कि इस बदलाव से स्कूलों में पारदर्शिता बढ़ेगी और शिक्षा व्यवस्था में राजनीतिक हस्तक्षेप कम होगा।

### कोयला तस्करी कांड में ईडी का बड़ा एक्शन!

# पूर्व थाना प्रभारी को फिर समन, शहर के 12 बड़े कारोबारी भी रडार पर

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोयला तस्करी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एक बार फिर पूरी तरह सक्रिय हो गया है। जांच एजेंसी ने इस मामले में बुदबुद थाने के पूर्व ओसी (थाना प्रभारी) मनोरंजन मंडल को फिर से तलब किया है। इसके साथ ही कोयला तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े शहर के करीब 12 बड़े व्यवसायी भी अब ईडी के रडार पर आ गए हैं। ईडी के जांचकर्ताओं ने इन सभी को अगले सप्ताह कोलकाता के सॉल्टलेक स्थित 'सीजीओ कॉम्प्लेक्स' में हाजिर होने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व ओसी मनोरंजन मंडल पर आरोप है कि उन्होंने पुलिस पद पर रहते हुए कोयला माफियाओं को अवैध कारोबार चलाने के लिए सुरक्षा (प्रोटेक्शन) दी थी। इसके एवज में उन्होंने माफियाओं से मोटी रकम घूस के तौर पर वसूली थी। मोटी घूस लेकर वह कोयला तस्करों को अवैध रूप से कोयला पार कराने का 'ग्रीन सिग्नल' देते थे। इससे पहले भी मनोरंजन मंडल को ईडी कई बार समन जारी कर चुकी है, लेकिन वह एक बार भी केंद्रीय जांच एजेंसी के दफ्तर में पेश नहीं हुए। पिछले साल ईडी की टीम ने दुर्गापुर स्थित उनके आवास पर जाकर कई बार नोटिस भी चपकाया था।

दूसरी तरफ, कोयला घोटाले के पैसों के लेन-देन और रूट का पता लगाने के लिए ईडी ने अब कारोबारियों पर भी दबाव बनाना शुरू कर दिया है।

सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी की नजर शहर के करीब 12 कारोबारियों पर है, जिनके तार इस तस्करी से जुड़े हो सकते हैं। ईडी ने जिन प्रमुख व्यवसायियों को समन भेजकर अगले हफ्ते तलब किया है, उनमें कृष्ण कयाल, रीतेश सिंह, लोकेश सिंह, युधिष्ठिर घोष, नरेंद्र खारका शामिल हैं। जांच से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि इन कारोबारियों और पूर्व ओसी को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ की जा सकती है, ताकि यह साफ हो सके कि कोयला तस्करी की काली कमाई को कहां और किस तरह से खपाया गया (मनी लॉन्ड्रिंग) था।

## बेहाला में तृणमूल पार्षद सुदीप पोल्ले गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम के वार्ड 123 के तृणमूल पार्षद सुदीप पोल्ले को पुलिस ने शनिवार की रात गिरफ्तार कर लिया। ठकुरनगर थाना पुलिस ने उन्हें बेहाला इलाके से हिरासत में लिया। उनके खिलाफ शनिवार को ही रंगदारी वसूली की शिकायत दर्ज कराई गई थी। सुदीप बेहाला इलाके के प्रभावशाली तृणमूल नेताओं में गिने जाते हैं। वह 16 नंबर बोरो के चेयरमैन पद पर भी हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में आरोपों की सत्यता मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सुदीप को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार को आरोपित पार्षद को अदालत में पेश किया जाएगा। मामले की आगे की जांच जारी है।

## अस्थायी कर्मचारियों का प्रदर्शन




**हुगली :** हुगली जिले के श्रीरामपुर नगरपालिका के सामने सफाई विभाग के अस्थायी कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें नियमित रूप से वेतन नहीं दिया जाता, साथ ही निर्धारित समय से अधिक काम कराया जाता है। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने यह भी बताया कि अब तक उनके लिए पीएफ और ग्रेच्युटी जैसी बुनियादी सुविधाएं शुरू नहीं की गई हैं, जिससे वे आर्थिक असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल नगरपालिका के चेयरमैन से मिला और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कर्मचारियों ने जल्द से जल्द उनकी मांगों को पूरा करने की अपील की है। वहीं, नगरपालिका प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया है कि मामले को गंभीरता से देखते हुए उचित कदम उठाए जाएंगे।

# तृणमूल अपना राजनीतिक आधार खो रही, भाजपा से मुकाबले के लिए हम अंग्रिम पंक्ति में : माकपा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने तृणमूल कांग्रेस पर कटाक्ष किया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली यह पार्टी 'तेजी से अपना आधार खो रही है' और ऐसे में भाजपा-शासित इस राज्य में माकपा अब खुद को तृणमूल के विकल्प के रूप में पेश करते हुए विपक्ष की राजनीतिक जमीन हासिल करने की उम्मीद जता रही है। माकपा के राज्य महासचिव मोहम्मद सलीम ने दावा किया कि वामपंथी दल, खासकर माकपा, राज्य में अपने वैचारिक प्रतिद्वंद्वियों- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा से मुकाबले में पहले से ही 'अग्रिम पंक्ति' में हैं। सलीम ने कहा कि और अब चूंकि तृणमूल



कांग्रेस बहुत तेजी से अपना आधार खो रही है, इसलिए हमारी जिम्मेदारी केवल सैद्धांतिक रूप से ही नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर भी पश्चिम बंगाल में भाजपा के खिलाफ मुख्य विपक्ष की भूमिका निभाने की है। उन्होंने कहा कि राज्य में वाम पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करना और लोगों के लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों की लड़ाई में अग्रिम पंक्ति में रहना कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं। सलीम ने दावा किया कि न केवल उनकी पार्टी, बल्कि पश्चिम बंगाल की जनता भी उम्मीद करती है कि माकपा-नीत वाम मोर्चा राज्य में तृणमूल कांग्रेस से विपक्ष की जगह ले लेगा। उन्होंने कहा कि डेढ़ दशक से अधिक समय तक तृणमूल ने पुलिस और गुंडों की मदद से आतंक का राज कायम रखा, जिससे एक ऐसी खाई बन गई, जिसमें तृणमूल ने आरएसएस के लिए भीतरी इलाकों में खड़े होने के अनुकूल हालात बना दिए। माकपा नेता ने कहा कि हाल के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस बिखर रही है और वामपंथी दल इस विपक्षी शून्य को भरेंगे।

## उत्तर हावड़ा में मेधावी छात्रों का सम्मान, 300 विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित




**हावड़ा, समाज्ञा :** उत्तर हावड़ा की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था 3सीएस द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर किए जा रहे योगदान के तहत बुधवार को बांधाघाट स्थित सत्यनारायण सभागार में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर उत्तर हावड़ा विधानसभा के लोकप्रिय विधायक उमेश राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री जैन विद्यालय के शिक्षक संतोष कुमार तिवारी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। समारोह के दौरान लगभग 300 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने, समाज और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। संस्था के सदस्यों ने कहा कि 3सीएस भविष्य में भी शिक्षा और सामाजिक विकास से जुड़े कार्यों को इसी तरह आगे बढ़ाती रहेगी। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और अभिभावकों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सभी जिलों के स्कूल निरीक्षकों की 28 और 29 मई को बैठक, 'वंदे मातरम' सहित 9 मुद्दों पर होगी चर्चा

**कोलकाता :** गर्मी की छुट्टियों के बाद राज्य में स्कूलों को दोबारा खोलने की तैयारियों के बीच विकास भवन ने सभी जिलों के स्कूल निरीक्षकों (डीआई) की महत्वपूर्ण प्रशासनिक समीक्षा बैठक बुलाई है। आगामी 28 और 29 मई को राज्य के सभी जिलों के प्राथमिक (पीई) और माध्यमिक (एसई) शिक्षा विभाग के डीआई इस बैठक में शामिल होंगे। इस संबंध में शुक्रवार, 22 मई को स्कूल शिक्षा निदेशालय की ओर से एक जरूरी निर्देशिका जारी की गई।

स्कूल शिक्षा आयुक्त द्वारा जारी निर्देश में बताया गया है कि यह बैठक संशोधित कार्यक्रम के तहत पूरी तरह वर्चुअल माध्यम से



आयोजित की जाएगी। सभी जिला स्कूल निरीक्षकों को गूगल मीट लिंक या क्यूआर कोड के जरिए बैठक में शामिल होने का निर्देश दिया गया है।

विकास भवन सूत्रों के अनुसार, दो दिनों तक चलने वाली इस बैठक में कुल 9 महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा होगी। इनमें सबसे महत्वपूर्ण और चर्चित विषय स्कूलों में 'वंदे मातरम' गान शुरू करने को लेकर है। इसके अलावा स्कूल प्रशासन, शिक्षा व्यवस्था, निरीक्षण प्रणाली और विभिन्न शैक्षिक योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की जाएगी।

बैठक को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए राज्य को भौगोलिक आधार पर दो हिस्सों में बांटा गया है। पहले चरण में उत्तर बंगाल और उससे जुड़े जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक होगी। इसमें अलीपुरद्वार, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार, दार्जिलिंग, सिलीगुड़ी, कालिम्पोंग, उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण दिनाजपुर, मालदा और मुर्शिदाबाद जिले शामिल हैं।

दूसरे चरण में दक्षिण बंगाल और कोलकाता क्षेत्र के जिलों के स्कूल निरीक्षकों के साथ बैठक की जाएगी। इसमें नदिया, बांकुड़ा, बैरकपुर, बीरभूम, झाड़ग्राम, पुरुलिया, पूर्व बर्धमान, पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर, पश्चिम बर्धमान, हुगली, हावड़ा, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना और कोलकाता शामिल हैं।

स्कूल शिक्षा आयुक्त की ओर से जारी इस निर्देश की प्रतिलिपि राज्य के सभी जिलाधिकारियों (डीएम) और स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) कार्यालय को भी भेज दी गई है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का मानना है कि स्कूल खुलने से पहले यह बैठक प्रशासनिक समन्वय और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी।

# बर्नपुर में सेल आइएसपी की बड़ी कार्रवाई, अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर

**आसनसोल :** बर्नपुर में सेल-आईएसपी (इस्को स्टील प्लांट) प्रबंधन द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए चलाए गए अभियान के तहत शनिवार को बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान आसनसोल नगर निगम के वार्ड 78 के तृणमूल कांग्रेस पार्षद अशोक रुद्र के कार्यालय को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान केवल एक कार्यालय ही नहीं, बल्कि सेल की जमीन पर बने कई तृणमूल कांग्रेस के पार्टी कार्यालयों और क्लब घरों को भी तोड़ा गया। इस पूरे अभियान को लेकर क्षेत्र में काफी हलचल और चर्चा का माहौल बना हुआ है। सेल अधिकारियों के अनुसार, जिन संरचनाओं को हटाया गया, वे सभी कंपनी की जमीन पर अवैध रूप से बनाई गई थीं। संबंधित पक्षों को



पहले ही कई बार नोटिस देकर जगह खाली करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आदेशों का पालन नहीं किया गया। इसके बाद नियमानुसार यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कोई अचानक लिया गया फैसला नहीं था, बल्कि लंबे समय से चल रही प्रक्रिया का हिस्सा था। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाना भविष्य की विकास परियोजनाओं और आम जनता के हित में जरूरी हो गया था। खाली कराई गई जमीन पर बुनियादी ढांचे के विकास की योजना भी बनाई जा रही है। प्रशासन का दावा है कि पूरी कार्रवाई कानून के दायरे में रहकर की गई है और आगे भी अवैध कब्जों के खिलाफ इसी तरह अभियान जारी रहेगा।

## बेलूर के पॉश आवासीय परिसर में बदमाशों का तांडव, मारपीट और अभद्रता से इलाके में तनाव



**हावड़ा :** हावड़ा के बेलूर स्थित एक पॉश आवासीय परिसर में शुक्रवार रात बदमाशों के उत्पात से इलाके में तनाव फैल गया। आरोप है कि शराब के नशे में धुत कुछ लोगों ने परिसर में घुसकर जमकर हंगामा किया, निवासियों के साथ मारपीट की और महिलाओं के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। घटना को लेकर बाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। आरोप है कि सुरक्षा गार्डों की मिलीभगत से एक युवक अपने साथियों के साथ परिसर में दाखिल हुआ और रंगदारी की मांग को लेकर विवाद शुरू कर दिया। विरोध करने पर निवासियों के साथ मारपीट की गई। आरोप यह भी है कि बाहर से लोगों को बुलाकर भी आवासीय लोगों को डराने-धमकाने की कोशिश की गई। निवासियों के मुताबिक आरोपी युवक पूर्व सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस का करीबी बताया जाता है और पिछले कई वर्षों से रंगदारी के नाम पर इलाके में उत्पात मचा रहा है। शुक्रवार रात की पूरी घटना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। मामले की शिकायत बाली के भाजपा विधायक संजय सिंह से भी की गई है। विधायक ने घटना की जांच कराने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## हावड़ा वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा गंगासागर में शताधिक महिलाओं में साड़ी वितरण



**हावड़ा :** सामाजिक संस्था हावड़ा वेलफेयर ट्रस्ट ने पुरूषोत्तम मास के अवसर पर गंगासागर में जरूरतमंद महिलाओ में साड़ियां वितरित की। गंगासागर के सड़क न. 5 पर स्थित ट्रस्ट के राधा कुंज में ट्रस्ट के सेवा प्रमुख वयोवृद्ध समाजसेवी सत्यनारायण खेतान, डा. कल्याण प्रसाद घोष, राजेश कुमार सिंह, सुनिल गुप्ता, सुशील कुमार गोयल, हरीश चंद्र गौड़ की उपस्थिति में शताधिक महिलाओ को साड़ियां वितरित करने के साथ ही सैकड़ों जरूरतमंद को भोजन भी करवाया गया। इस अवसर पर सत्यनारायण खेतान ने बताया कि मूल रूप से हावड़ावासियों को शुद्ध शीतल पेयजल उपलब्ध करवाने के 26 वर्ष पहले संस्थापित हावड़ा वेलफेयर ट्रस्ट की पेयजल सेवा निरंतर चल रही है। गरमी के दिनों में ट्रस्ट की पेयजल वाहिनियों द्वारा पेयजल संकट से प्रभावित हावड़ा के विभिन्न अंचलों में सुबह से शाम तक पेयजल का वितरण हावड़ा नगर निगम के सहयोग से हो रहा है। इसके अलावा, शहर में 50 से ज्यादा प्याऊ भी संचालित हैं जिसके जरिए नित्य हज़ारों राहगीरों की प्यास बुझ रही है।



टॉलीगंज की विधायक पापिया अधिकारी ने कोलकाता नगर निगम के अधिकारियों और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ आदि गंगा का दौरा किया

## पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ने से बढ़ा आम लोगों पर महंगाई का बोझ

**हुगली :** बेरोजगारी और महनगाई की मर झेल रहे लोगों पर अब दोहरी मार पड़ी है। पिछले नौ दिनों में तीन चरणों में पेट्रोल और डीजल की कीमत बढ़ने से आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। पिछले सप्ताह शुक्रवार, फिर इस सप्ताह मंगलवार और आज शनिवार को फिर तेल के दाम बढ़ाए गए। पश्चिम एशिया में युद्ध जैसे हालात का असर अब सीधे आम जनता की जेब पर पड़ रहा है। पेट्रोल और डीजल महंगे होने से रोजमर्रा का खर्च बढ़ गया है। खासकर मध्यमवर्गीय परिवार सबसे ज्यादा दबाव महसूस कर रहे हैं। हुगली में आज पेट्रोल की कीमत 110.99 रुपये प्रति लीटर और डीजल 97.38 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है, जो कोलकाता से भी



थोड़ा ज्यादा है। रोज कामकाज के लिए गाड़ी लेकर निकलने वाले लोगों के लिए यह बढ़ोतरी बड़ी चिंता बन गई है। प्रधानमंत्री ने ईंधन बचाने की सलाह दी है, लेकिन आम लोगों का कहना है कि जरूरत के कारण उन्हें वाहन लेकर बाहर निकलना ही पड़ता है। ऐसे में लगातार बढ़ती तेल की कीमतें सीधे घरेलू बजट पर असर डाल रही हैं।

## कोन्नगर के टीएमसी पार्षद बबलू पाल गिरफ्तार, सरकारी जमीन कब्जाने का आरोप



**हुगली :** जिले में राजनीतिक हलचल के बीच शनिवार को कोन्नगर नगरपालिका के वार्ड संख्या 20 के तृणमूल कांग्रेस पार्षद बबलू पाल उर्फ खोकन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी उत्तरपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक दीपांजन चक्रवर्ती की मौजूदगी में हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बबलू पाल पर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर वहां तृणमूल कांग्रेस का पार्टी कार्यालय बनाने, अवैध कारोबार संचालित करने तथा सरकारी जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर बिक्री करने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। बताया जा रहा है कि इस मामले में लंबे समय से कई शिकायतें दर्ज कराई जा रही थीं। शिकायतों के आधार पर उत्तरपाड़ा थाने की पुलिस ने जांच शुरू की और कार्रवाई करते हुए शनिवार को पार्षद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है तथा आरोपों से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है।

## रास्ते पर नमाज पर रोक के खिलाफ कोर्ट जाएगी तृणमूल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में सड़क पर नमाज पढ़ने पर राज्य सरकार की पाबंदी के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस कोर्ट जाने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी ने मटियाब्रुज की एक तृणमूल पार्षद को इस मामले में अदालत का दरवाजा खटखटाने का निर्देश दिया है। बताया जा रहा है कि संबंधित पार्षद जल्द ही इस मुद्दे पर कोर्ट में याचिका दायर कर सकती हैं। शुक्रवार को कालीघाट स्थित आवास पर ममता बनर्जी ने कोलकाता नगर निगम के तृणमूल पार्षदों के साथ बैठक की। बैठक में सड़क पर नमाज पढ़ने को लेकर राज्य सरकार की ओर से जारी प्रतिबंध का मुद्दा उठा। सूत्रों का दावा है कि चर्चा के दौरान ममता ने संबंधित पार्षद को तत्काल अदालत जाने के लिए कहा।

## बोलपुर में तृणमूल दफ्तर से भारी मात्रा में 'सफेद कपड़े' बरामद

TRINAMOOL

**बीरभूम, समाज्ञा**

जिले के बोलपुर से एक चौंकाने वाला और सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां कंकालीतला क्षेत्र के आमडहरा गांव स्थित तृणमूल कांग्रेस के एक बंद कार्यालय से भारी मात्रा में सफेद कपड़े के (थाने), बम बनाने की सुतली, पत्थर और बारूद (मसाला) बरामद हुआ है। चुनावी नतीजे आने के बाद से यह दफ्तर बंद था, जिसे शनिवार को स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने खोला। अंदर का नजारा देखकर हर कोई दंग रह गया। भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि तृणमूल ने चुनाव परिणाम घोषित होने से पहले ही भाजपा समर्थकों को डराने-धमकाने और उनके घरों पर कफन के रूप में सफेद कपड़ा भेजने के लिए यह जुटाया था। भाजपा का दावा है कि अगर राज्य में सत्ता परिवर्तन न हुआ होता और तृणमूल जीतती, तो इन बमों और कफनों का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर चुनावी हिंसा फैलाने के लिए किया जाता। दूसरी तरफ, तृणमूल ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

## शर्मा परिवार में शोक



**कोलकाता, समाज्ञा :** ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से बहुत लंबे समय से जुड़े अशोक कुमार उपाध्याय (शर्मा) का निधन गत काल उनके निवास स्थान बिनायक एनक्लेव में सुबह 8 बजे करीब हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। अशोक कुमार उपाध्याय (शर्मा) अपने पीछे अपनी धर्म पत्नी (संगीता) एक पुत्र अभिषेक एवं दो पुत्री प्रियंका एवं राधिका को छोड़ गए हैं। समाज्ञा परिवार मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता है और शोक संतप्त परिवार को दुख की इस घड़ी में परम पिता परमेश्वर कृपा कर संबल प्रदान करे। यह जानकारी उनके छोटे भाई श्याम सुंदर उपाध्याय ने दी।

## दूसरे राज्यों से परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों के नि:शुल्क आवास व भोजन की व्यवस्था



**हावड़ा, समाज्ञा :** प्रत्येक वर्ष की भांति पश्चिम बंगाल मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने हेतु आये परीक्षार्थियों के रहने और खाने का निःशुल्क इंतजाम गंगेश्वर महादेव सेवा ट्रस्ट और समाज्ञा हिंदी दैनिक के सौजन्य से संस्था के प्रांगण में किया गया है। पिछले पांच वर्षों से चल रहे इस व्यवस्था के अंतर्गत गंगा किनारे अवस्थित 27, नित्यधान मुखर्जी रोड स्थित संस्था के प्रांगण में तकरीबन 40 से ज्यदा छात्र रविवार को आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता परीक्षा के लिए बिहार, झारखंड और पूर्वांचल से छात्र आए है। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक राजेंद्र प्रसाद राय और समाज्ञा हिंदी दैनिक के संपादक अनिल कुमार राय उपस्थित रहे।

# कँसुवा का शिव मंदिर, कोटा, राजस्थान

## हमारी अनजानी धरोहर 98



डॉ. एस. के. सैनी

कँसुवा का शिव मंदिर कोटा रेलवे स्टेशन से लगभग 8 किलोमीटर दूर कंसुआ गांव में स्थित है। यह मंदिर आठवीं शताब्दी में यानी 738 ई के लगभग बनाया गया था किंतु यहां पर पांचवीं शताब्दी के भी शिलालेख मिलते हैं जो इस स्थान की महत्ता को दर्शाते हैं ऐसी किवदन्ति है कि यह स्थल महर्षि कंण्व की तपस्थली रहा था और यही उनका आश्रम था जो बाद में बिगड़ करके कंसुआ गांव हो गया। कंसुआ मंदिर के अंदर गर्भगृह में चतुर्मुख वाला शिवलिंग स्थापित किया गया है जो बेहद खूबसूरत है और अपने आप में अनूठा है यही एक बड़े शिवलिंग पर 1000 छोटे-छोटे शिवलिंग उकेरे गए हैं इसलिए उसको सहस्त्र शिवलिंग भी बोलते हैं कँसुवा के बारे में कहा जाता है कि यह कारण की कर्णो की नगरी भी है कुछ लोग इसे कर्णेश्वर महादेव बोलते हैं यहां से किसी भी स्थान पर यात्रा के लिए साधन मिलते रहते हैं और यह मंदिर प्रातः कालीन सूर्योदय के साथ में खुलता है और शाम को देर तक खुला रहता है इस मंदिर पर बाहर कोई मूर्ती उत्कीर्ण नहीं है किंतु उसके प्रस्तर बोलते हैं कि यह मंदिर अति प्राचीन है या मंदिर विराट मंदिर नहीं है किंतु इसकी विशेषताएं



अद्भुत है जो इसे हाड़ोती का एक बेहद खूबसूरत अद्वितीय स्मारक बताती है।

कँसुवा का मंदिर स्थानीय आस्था का प्रतीक रहा है और महाशिवरात्रि पर एक यहां विराट मेला लगता है जिसमें हाडोती के लोग भगवान शिव की आराधना करने और जल अर्पण करने के लिए पहुंचते हैं। यह हमारी अनजानी धरोहर है जिसको बहुत कम लोग बाहर के जानते है।

गर्भ ग्रह के बाहर नदी विराजमान है यह संपूर्ण मंदिर और शिवलिंग स्थानीय बलवे पत्थर से निर्मित है बाहर एक चबूतरा है सीढ़ियां चढ़कर हम लोग शिव मंदिर में पहुंचते हैं वहां दर्शन करने के पश्चात वापस नीचे उतरते हैं पास में ही एक छतरी बनी हुई है वह भी लगता है इस कल की है और आसपास अच्छा हरित उद्यान है जो इस मंदिर को और ज्यादा खूबसूरत बनाता है।

# गर्मी में बनाये रखें अपना सौन्दर्य

पूनम दिनकर

फाल्गुनी हवाओं के साथ ही सर्दी का मौसम खत्म होने लग जाता है और वातावरण गर्मी की तपिश से गर्म होने लगता है। गर्मी की इन गर्म हवाओं का प्रत्यक्ष प्रभाव त्वचा पर पड़ता है। गर्मी के कारण त्वचा सम्बन्धी अनेक समस्याएं तथा बीमारियां भी हो जाती हैं, इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि पहले से ही सावधानी बरती जाये ताकि इन समस्याओं का सामना न करना पड़े और सौन्दर्य भी बरकरार रहे।

- त्वचा को हानि पहुंचाने में धूप का सबसे बड़ा हाथ होता है। धूप के कारण त्वचा सांवली, कुम्हलाई और झुर्रीदार-सी प्रतीत होती है। अधिक देर तक धूप में रहने पर त्वचा पर लाल-लाल चकत्ते भी हो जाते हैं, अतः जहां तक हो सके, दोपहर की तीखी धूप से अपने को बचाना चाहिए।
- गर्मी में धूप से बचने के लिए बेहतर तो यही होता है कि दिन में 11 बजे से 3 बजे तक कहीं बाहर निकला ही न जाये। अगर किसी कारण से निकलने की मजबूरी ही हो तो छाता लेकर और आंखों पर काला चश्मा लगाकर ही निकलना चाहिए। धूप में निकलने से पहले अपने चेहरे पर 'सनस्क्रीन क्रीम' या 'कैलामाइन लोशन' का इस्तेमाल अवश्य ही कर लेना चाहिए।
- गर्मी के मौसम में अधिक मेकअप न करें क्योंकि धूप से मेकअप के पसीने के साथ बहने की संभावना बनी रहती है। इससे चेहरा भद्दा दिखाई देता है। लिपस्टिक व नेलपालिश नेचुरल कलर का ही प्रयोग करें। अधिक तेज रंगों वाली लिपस्टिक व नेलपालिश लगाने से भी अनेक हानियां हो सकती हैं।
- इस मौसम में बालों को खुला कतई न रखें। खुले बाल हवा के झोंके से उड़कर बार-बार आपके चेहरे को ढक लेते हैं, इसलिए अपने चेहरे के अनुरूप जूड़ा या चोटी इस तरह बनाकर रखिए ताकि वे गर्दन की सुन्दरता को बनाये रखें।
- इस मौसम में आंखों का विशेष ध्यान रखना होता है। शरीर का सबसे नाजुक अंग आंखें ही होती हैं। धूप के तीव्र प्रभाव के कारण आंखों में जलन होने लगती है तथा आंखें लाल-लाल हो जाती हैं जिन्हें आंखों का आना कहा जाता है। इसके लिए यह आवश्यक है कि धूप से आने के बाद आंखों पर ठंडे जल के छींटे मारें।
- खीरे के टुकड़े को गोल-गोल काटकर आंखों पर रखने से भी आंखों की जलन मिटती है और उन्हें शीतलता प्रदान होती है। धूप से आने के बाद चेहरे पर भी जलन होती है। इसके लिए कच्चे दूध का प्रयोग करें। रूई के फाहे में दूध को लपेटकर चेहरे, गर्दन और बाहों पर अच्छी तरह से लगाकर उसे धो लें।
- आंखों की सुरक्षा के लिए धूप के चश्मे का प्रयोग आवश्यक है। चश्मा पहनने से आंखों को जलन से बचाया जा सकता है। हां, इतना ध्यान अवश्य रखें कि फुटपाथी चश्मा न पहनें क्योंकि वे प्लास्टिक के बने होते हैं तथा आंखों को सुरक्षा प्रदान करने की बजाय और गर्म कर डालते हैं। आंखों को ठंडे जल से धोकर गुलाबजल की एक बूँद डाल लेने से आंखों की जलन समाप्त हो जाती है।



गर्मी के मौसम में तेज गंध वाली परफ्यूम की बजाय फूलों की भीनी सुगंध वाले इत्र का ही प्रयोग करें। दिन के समय परफ्यूम का प्रयोग केवल कानों के पीछे, गले के बीच व कुहनियों के अंदरूनी भाग में ही करें। इत्र का प्रयोग बगलों में न करें क्योंकि गर्मी में ताजगी की बजाय दुर्गन्ध ही पैदा होगी।

- इस मौसम में खान-पान पर भी ध्यान देना होता है। अधिक खाने या देर से पचने वाला भोजन करने से उल्टी, दस्त या पेट फूलने की शिकायतें हो सकती हैं। इससे आप कमजोर होकर अपनी सुन्दरता खो सकते हैं। अपने भोजन में ताजे फल एवं हरी सब्जियों को अवश्य ही शामिल करें।
- तली-भुनी चीजें, चाय-कॉफी आदि का प्रयोग कम करें। छाछ, लस्सी, फलों के जूस, नींबू पानी, शिकंजी, आमपन्ना, शर्बत, पुदीना आदि का प्रयोग बहुत फायदेमंद रहता है। पीने वाले पानी में एक बूंद पुदीन हरा या नाम मात्र का कपूर मिला देने से अधिक प्यास तथा 'लू' के प्रकोप से बचा जा सकता है। धूप में बाहर जाते समय एक छोटा प्याज अपने साथ रख लेने से लू नहीं लगती।
- इस मौसम में धूप से आने के बाद तुरन्त पानी पीने से जुकाम, खांसी व बुखार तक हो सकता है। थोड़ी देर सुस्ताने के बाद ही पानी पीना चाहिए। प्रतिदिन 10-12 गिलास पानी पीना चाहिए ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। शरीर में पानी की कमी होने से 'डिहाइड्रेशन' की शिकायत हो जाती है।
- गरमी में हल्के रंगों के वस्त्रों का ही चुनाव करना चाहिए। इस मौसम में भारी जरी-गोटे के काम वाले कपड़े आंखों को चुभते हैं। ढीले-ढाले सूती सूट या सूती साड़ियां आंखों को शीतलता प्रदान करती हैं। अधिक तंग या चुस्त 'ब्रा' भी नहीं पहननी चाहिए। इससे स्तन बहुत गरम होकर शिथिल हो जाते हैं और उनकी स्वाभाविक सुन्दरता नष्ट हो जाती है।
- इस मौसम में शरीर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। प्रतिदिन दो बार स्नान करें। रात में सोते समय स्नान करने से नींद अच्छी आती है तथा पसीना युक्त गंध भी दूर हो जाती है। डिओडोरेंट साबुन के इस्तेमाल से पसीने की बदबू मिट जाती है। गुलाब की पंखुड़ियों को पानी में डालकर उस पानी से स्नान करने पर भी बदबू भाग जाती है।
- चेहरे पर सप्ताह में तीन दिन उबटन जरूर लगायें। गर्दन की सफाई पर भी ध्यान अवश्य दें। इन दिनों घमौरियां भी काफी परेशान करती हैं। इसके लिए टेलकम पाउडर या नायसिल पाउडर का इस्तेमाल अवश्य करें।

गरम हवाएं सिर्फ त्वचा की ही नहीं बल्कि बालों की भी शत्रु होती हैं अतः पसीने की वजह से बालों में भी चिपचिपाहट बनी रहती है अतः सप्ताह में कम से कम तीन बार बालों को अवश्य धोइये। इन उपायों से आप गर्मी में भी सौन्दर्य को बनाये रख सकती हैं। (उर्वशी)

# गृहसज्जा में दिशाओं का महत्व



विजय लक्ष्मी यादव

घर को सजाने, संवारने एवं प्रत्येक वस्तु को व्यवस्थित रखने का दायित्व गृहणियों के ऊपर होता है। अपने घर को और अधिक आरामदायक व सुंदर बनाना लगभग हर गृहिणी का सपना होता है, और घर को विभिन्न तरीकों से सजा कर उन सपनों में इंद्रधनुषी रंग भरती हैं।

पहले उच्चवर्ग में ही गृहसज्जा अधिक प्रचलित थी किंतु अब अन्य वर्गो का भी इस ओर रूझान बढ़ा है।

अतः वास्तु ज्ञान में कुछ साधारण बातें ऐसी हैं जिनके पालन करने से 'वास्तु' से संबंधित अनेक दोष दूर हो जाते हैं। घर को सजाना या उसका नवीनीकरण करना हमारे सोच और उस घर की स्थिति पर निर्भर करता है, व्यक्ति की इच्छाओं तथा आवश्यकताओं पर निर्भर करता है। हर गृहिणी का उद्देश्य होता है कि उस के घर की सजावट सुंदर हो और उसके हर कोने का इस्तेमाल हो सके। यदि जगह बड़ी हो तो कोई दिक्कत नहीं होती पर जगह छोटी हो तो एक-एक जगह का सदुपयोग करना चाहिए।

घर की सुख-शांति व पवित्रता का वातावरण बनाये रखने के लिये इस दिशा में गृहणियों को क्या ध्यान रखना चाहिए-आइए देखें,

- घर के मध्य यदि कोई चौक है तो उसे हमेशा खाली व साफ रखना चाहिए क्योंकि वह ब्रह्म स्थान है।
- घर में समृद्धि के लिए प्रवेश द्वार पर कुबेर या गणपति की प्रतिमाएं स्थापित करनी चाहिएं।
- कूड़ा-कर्कट ईशान दिशा में कभी इकट्ठा न होने दें।
- ईशान दिशा पवित्र स्थान है। यहां पर झाड़ू कभी न रखें। इस दिशा को अशुद्ध रखने पर मानसिक तनाव व शारीरिक कष्ट होता है।
- उत्तर दिशा कुबेर का स्थान है अतः गल्ला, रूपए आदि इस दिशा में रखें। भारी सामान (सोफासेट, अलमारी, पलंग) दक्षिण व पश्चिम दिशा में रखना चाहिए।
- पलंग का सिरहाना (तकिया) दक्षिण की ओर रखें तथा पलंग दीवार से सटाकर रखें।
- घर में तुलसी, चन्दन, जूही, मोगरा, मालती, अनार, आदि के पौधों व लताएं लगानी चाहिएं।
- रसोई घर में प्लेटफार्म (चूल्हा रखने हेतु) आग्नेय दिशा में बनवाना चाहिए तथा खाना बनाते समय गृहणियों का मुंह आग्नेय या पूर्व दिशा की ओर होना चाहिए। इसमें दुर्घटना की आशंका कम हो जाती है और कमर में पांव या एड़ी में दर्द की शिकायत नहीं रहती।
- घर में पूजा का स्थान ईशान दिशा में उत्तम होता है।
- रसोई घर में पूजा स्थल कभी न बनाएं।
- दैनिक उपयोग में आने वाला जल ईशान दिशा में रखना चाहिए। ईशान दिशा के कमरे को स्टोर रूम कभी न बनाएं।
- गृहणियों को चाहिए कि घर में साज-सज्जा हेतु कबूतर, बाज, सांप, सियार, उल्लू, गिद्ध, सूअर, शेर आदि के चित्रा न लगाएं।
- घर में बेर, कीकर, बबूल, कैक्टस (नागफनी) आदि के पेड़ न लगाएं।

बच्चों के पढ़ने की व्यवस्था इस प्रकार करनी चाहिए कि पढ़ते समय उनका मुंह उत्तर की ओर रहे। इससे मस्तिष्क की एकाग्रता बढ़ती है। इच्छा शक्ति बढ़ती है। (उर्वशी)

# बच्चे जब न सुनें

उषा जैन शीरीं



अब परिवार छोटे होने लगे हैं। आज की जीवन शैली ऐसी है कि बस एक या दो बच्चे ही होते हैं जिन्हें अच्छी से अच्छी परवरिश देना ही पेरेंट्स का उद्देश्य होता है। अकेले बच्चे की खूब पेंपरिंग होती है। मुंह से बात निकलती नहीं कि पूरी कर दी जाती है। अकेले बच्चे में शेयर करने की आदत बिल्कुल नहीं होती। वह बेहद पजेसिव बन जाता है ।

दादा दादी तो अक्सर इस बात को लेकर कि वे पोते पोतियों को अत्यधिक लाड़ प्यार में बिगाड़ देते हैं, कटघरे में खड़े किये जाते हैं। कभी-कभी तो यह सच भी होता है। जहां घर में उनकी चलती है, वे बच्चे के सामने ही उसकी मां को उसके फेवर में डांट देंगे। ऐसे में बच्चे का जिद्दी हो जाना स्वाभाविक है।

कभी-कभी ऐसा भी होता है कि बच्चा किसी क्रॉनिक रोग से ग्रस्त होता है। वो अनीमिक, एस्थेमेटिक, डाइबिटिक, दिल का रोगी, या किसी तरह से चैलेंज्ड हो सकता है। ऐसे में उनकी अतिरिक्त देखभाल होती हैं। इससे भी वे अपनी मनवाने लगते हैं।

हायपर एक्टिव बच्चों के साथ भी यही समस्या रहती है कि वे पेरेंट्स का ध्यान आकर्षित करने के लिये तरह-तरह के कारनामे करते रहते हैं। रोकने टोकने पर फैल जाते हैं।

अब समस्याएं हैं तो समाधान भी हैं। यहां कोई एलोपैथी, होमियोपैथी पैथी काम नहीं आयेगी। काम आता है बच्चों के साथ उचित व्यवहार, उनकी सही देखभाल और उन्हें दिया गया क्वालिटी टाइम। केवल लाड़ दुलार से ही काम नहीं चलता। जरूरत पड़ने पर उनके साथ स्ट्रिक्ट भी होना पड़ता है। उन्हें स्पेस भी दें। उनकी निजता का भी सम्मान करें। शुरूआती बरस यानी कि एक से पांच साल तक बच्चों का मन कुछ इस तरह रिसेप्टिव होता है कि जो कुछ समझाया बताया जाए, वहीं उनके संस्कारों में आ जाता है।

बच्चा अगर हाथ कब बाहर जाने लगे तो उसे काउंसलिंग के लिए ले जाया जा सकता है। बच्चे को अगर अभिभावकों में से एक पनिश करता है तो दूसरे को तुरंत लाड़ प्यार नहीं बरसाना चाहिए। बच्चे को अपनी गलती रिएलाइज करने दें।

बच्चे के आत्मविश्वास को ठेस लगे, ऐसा कुछ कभी न करें। बच्चे में भी 'ईगो' होता है ये न भूलें। बार-बार उसके सामने ये बात न दोहरायें क्या करें, ये तो सुनता ही नहीं। (उर्वशी)

# प्रभावशाली और मनभावन बॉस बन सकते हैं आप भी

नीतू गुप्ता

बॉस बनने का शौक सब को होता है पर यह संभव नहीं है कि हर कोई बॉस बने। यदि सब बॉस होंगे तो बॉस शब्द का आकर्षण समाप्त हो जायेगा। जो 'बॉस नहीं होते, वे सोचते हैं कि यदि मैं बॉस होता तो यह करता, वह करता।

ये बातें करना आसान है पर जब आप बॉस की कुर्सी पर होते हैं तभी आप समझ सकते हैं कि बॉस और स्टॉफ में तालमेल बिठाना मुश्किल होता है। प्रशासनिक जिम्मेदारी निभाना और अपने व्यक्तित्व से दूसरों को प्रभावित करना कठिन है। सफल बॉस को स्वयं को कुशल सिद्ध करना पड़ता है, तभी स्टॉफ उसे सफल बॉस मानता है।

काम में कुशलता के साथ सहायकों के बीच स्वयं को प्रिय और प्रभावशाली बनाना पड़ता है। इन सब गुणों के समावेश होने पर ही आप सफल और प्रभावशाली बॉस बन सकते हैं। आइये देखें क्या करना पड़ता है सफल व प्रभावशाली बॉस बनने के लिये।

- स्टॉफ को स्टॉफ ही समझकर काम न लें, न ही उनसे मात्र स्टॉफ वाला रिश्ता रखें। उनकी खुशियों और समस्याओं में उनका साथ दें। उनकी समस्याओं को ध्यान से सुनें और सुलझाने में उनकी मदद करें।
- वैसे तो समय नष्ट न करना अच्छे प्रबंधन के लिए आवश्यक है पर इसके लिए बहुत सख्त न हों। कम काम होने पर उन्हें रिलेक्स होने दें।
- बॉस को कभी भी स्टॉफ के सदस्यों की बुराई एक दूसरे से नहीं करनी चाहिए। यदि आपको किसी से कोई शिकायत हो तो उसे अकेले में बताएं।
- किसी भी सदस्य के काम से असंतुष्ट होने पर या उसके व्यवहार से असंतुष्ट होने पर उन्हें सही मार्गदर्शन दें और प्यार से उनकी कमियों को सुधारने का प्रयास करें।
- आप चाहते हैं कि ऑफिस में अनुशासन बना रहे और सभी सदस्य समय पर आकर अपने काम में लग जायें तो आपको स्वयं भी समय पर दफ्तर आना होगा और काम के प्रति गंभीर होना होगा, तभी आप उनसे अच्छे अनुशासन की उम्मीद रख सकते हैं।



- स्टॉफ के लोगों के साथ अपने व्यवहार में अशिष्टता न लायें, न ही अधिक सख्त रवैय्या अपनायें। साधारण व्यवहार ही उचित होता है।
- स्टॉफ के सदस्यों की योग्यता के अनुसार समय समय पर प्रोत्साहित करें और उनकी योग्यता की कद्र करें।
- स्वयं को ऑफिस की राजनीति से दूर रखें। न तो किसी को बढ़ावा दें, न ही किसी की उपेक्षा करें।
- ऑफिस सिस्टम के बारे में खुद सभी जानकारी रखें ताकि स्टॉफ पर पूरी तरह निर्भर न रहें।
- कोई भी नई टेक्नालॉजी ऑफिस में शुरू करने से पहले उसकी पूरी जानकारी स्वयं ले लें।
- स्टॉफ के किसी परिचित के ऑफिस आने पर उनसे अच्छा व्यवहार करें।
- स्टॉफ के साथ अंतरंगता बढ़ाने के लिए कम से कम पन्द्रह दिन के अन्तराल में एक सामूहिक मीटिंग रखें ताकि उनकी समस्याओं को सुन सकें और बाद में मिलकर चायपान करें। ऑफिस के चपरासी को भी मीटिंग में बुलायें और उसे बैठने के लिए उचित स्थान दें। खाते समय उसे भी पूरा शेयर दें।
- बेहतर परिणामों के लिए पहले से लक्ष्य निर्धारित कर लें और उन्हें इस बारे में पूर्ण जानकारी दें।
- सालाना वृद्धि देय होने पर उन्हें वृद्धि स्वयं दें ताकि उन्हें शिकायत का मौका न मिले।
- महिला स्टॉफ होने पर हंसी मज़ाक करते समय संयम रखें।
- स्टॉफ के सदस्यों को समय से अधिक देर तक न बैठायें। यदि कोई अनिवार्य काम निपटवाना हो तो उन्हें उसका उचित भुगतान करें। कोशिश करें कि महिला सदस्यों को देर तक न रोकें। (उर्वशी)

# लड़कियों के लिए जरूरी है यौन शिक्षा

उषा जैन शीरीं



आज समाज में जो खुलापन आया है, वह व्यक्तिगत विकास के लिए तो ठीक है लेकिन अगर यह खुलापन शारीरिक स्तर का लेकर हो तो इसमें खतरा है। उम्र के नाजुक मोड़ पर होने के कारण लड़कियां इस समय अपरिपक्व होती हैं। उन्हें बहकाने के लिए पोर्नोग्राफी साइट्स, अश्लील वीडियो, मोबाइल, टेबलेट की देश में भरमार है।

इसका उनके मन पर उनकी जिंदगी पर नकारात्मक असर साफ देखा जा सकता है। सेक्स एजुकेशन के अभाव में लड़कियां कई बार प्रेग्नेंट हो जाती हैं। ऐसे में कई बार घरवालों और समाज के भय से वे ऐसे गलत कदम उठा लेती है कि कभी जानबूझ कर कभी अनजाने में अपनी जान तक गवां देती हैं।

सेक्स एजुकेशन के लिए एक खास उम्र निर्धारित नहीं की जा सकती। यह मां का कर्तव्य है कि रोजमर्रा के जीवन में जब भी मौका मिले, धीरे धीरे बच्ची को सेक्स को लेकर एजुकेट करती रहे। इस तरह कभी कभी हर तरह की सेक्स संबंधित जानकारी मिलती रहने से बच्ची सेक्स को लेकर अबोध नहीं रहेगी। बचपन से उसे अच्छे बुरे स्पर्श की जानकारी मिलेगी तो उसके बलात्कार के लिए ईजी टार्गेट बनने के चांस कम होंगे।

यह अफसोस की बात है कि जहां पेरेंटस लड़की को लेकर ऊंचे ख्वाब देखने लगे हैं, मोटे पैकेज कमाने के लिए उसकी तैयारी में जीजान से जुटे होते हैं, एक बड़े खतरे की तरफ से जान के भी अनजान बने रहते हैं। यह बड़ा खतरा है उसके सेक्स को लेकर अज्ञानतावश बहक जाने का।

होता यह है कि लड़कियां उत्सुकता सेक्स संबंधित जानकारी पोर्नोग्राफिक वैबसाइट्स पत्र पत्रिकाओं , फ्रेंडस और सस्ती किताबों आदि से सबसे छुपाकर हासिल करती हैं। उन्हें इससे जीवन में सेक्स का सही वैज्ञानिक ज्ञान मिलने के बजाय बहकने की राह दिखाई देती है जो उनके पूरे भविष्य को बर्बाद कर सकती है क्योंकि यह राह वल्गेरिटी के ऐसे जंगल में ले जाती है जहां सिर्फ अंधकार और भटकन है। सेक्स को सही रूप में देखने पर ही वे समझ पायेंगी कि यह एक नेचरल प्रोसेस है जो स्त्री पुरूष के जीवन का एक अहम भाग है क्योंकि इंसान जानवर नहीं है। सेक्स को लेकर उसे कुछ नियम अनुशासन का पालन करना जरूरी है। ये नियम अनुशासन उसकी अपनी भलाई के लिए ही बनाए गए हैं।

डब्ल्यूएच ओ(वर्ल्ड हैल्थ आर्गेना-इजेशन) ने इस बात पर जोर देते हुए यह कथन जारी किया है कि टीन एज प्रेग्नेंसी और एच.आई.वी के बढ़ते मामलों को देखते हुए आज बच्चों को सेक्स एजुकेशन देना बेहद जरूरी है।

सेक्स एजुकेशन से निस्संदेह टीन एज प्रेग्नेंसी कम होगी और लड़कियों का भविष्य अंधकारमय होने से बचेगा। उनका जीवन कठिन दुरूह न होगा और वे डर और शर्मिंदगी से वे बच सकेंगी। एस.टी.डी(सेक्सुअली ट्रांसमिटेड डिसीज) जैसे गौनोरिया, सिफलिस, पेल्विक इंफलैमेटरी डिजीज से बचाव हो सकता है।

सेक्स एजुकेशन से ही लड़कियों को कांट्रेसेप्टिव पिल्स, कंडोम व अबॉर्शन के बारे में जानकारी मिलती है।

आज जब कि बलात्कार की घटनाएं बेहद बढ़ती ही जा रही हैं, पेरेंट्स बेटियों की सुरक्षा को लेकर डटे रहते हैं। सावधानी जरूरी है। बेटी को मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाते हुए हर तरह की जानकारी दी जानी चाहिए जैसे अच्छे बुरे लोगों की पहचान और सेक्स और प्यार में फर्क आदि। इसके अलावा उसे मोटिवेट करें कि सेक्स को लेकर उसके मन में जो भी दुविधाएं आशंकाएं हों, वे मां से खुलकर पूछ सके।

स्कूलों में प्रभावकारी ढंग से सेक्स एजुकेशन दी जानी चाहिए। इसका सकारात्मक असर ही होगा। यह अफसोसजनक है कि शिक्षा प्रणाली स्कूलों एजुकेशन से रिलेटेड प्रोग्राम्स, लेक्चर्स आदि के लिए अभी तक सहमति नहीं दे पाई है। कारण शिक्षकों और समाज के कट्टरपंथी लोगों का मानना है कि इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है। यहां बात महज राइट और रॉग सोर्सेज की है जिसका लेख में शुरू में जिक्र किया जा चुका है। (उर्वशी)

# पति-पत्नी में अच्छे संबंध ही बच्चों के लिए हितकर हैं



बालक राम प्रजापति

परिवार का आहार-व्यवहार, क्रियाकलाप, रहन-सहन आदि बातों का बच्चों के जीवन पर काफी असर पड़ता है। बचपन का समय बच्चों की अपरिपक्वता का समय होता है। अच्छा बुरा उनके दिमाग पर अमिट प्रभाव छोड़ता है। बचपन के संस्कार किशोरावस्था में सहज देखे जाते हैं।

परिवार में जिस स्तर की बोल चाल होगी, बच्चे उसी का अनुसरण करते हैं। जहां परिवार में शांति का वातावरण होगा, वहाँ बच्चे निश्चित रूप से शांतिप्रिय होंगे क्योंकि परिवार को जीवन की प्रथम पाठशाला कहा गया है। आज के व्यस्त जीवन में हर कोई व्यस्तता की आड़ में स्वतंत्रा रहना पसंद करते हैं। यहां तक कि माताएं भी अपने बच्चों को नौकरानी को सौंप कर स्वतंत्रा रहने की पूर्ण इच्छुक दिखाई देती हैं।

व्यस्त जीवन की कोख से जन्मी संवादहीनता पति-पत्नी के बीच असहयोग व कड़वाहट का बीज बोती है जिसका परिणाम यह होता है कि पति-पत्नी आपस में बात-बात पर उलझ जाते हैं और उनमें आपसी सहयोग की भावना समाप्त हो जाती है।

इस माहौल में बच्चे मानसिक रूप से कुंठित हो जाते हैं तथा अपनी इच्छा व्यक्त करने और सच्ची बात बोलने से भी घबराने लगते हैं। सामान्य रूप से वह भी माता-पिता की तरह एकाकीपन का शिकार हो जाते हैं जिसका परिणाम यह होता है कि बच्चे का बौद्धिक विकास अवरूद्ध हो जाता है।

बच्चों को मां का मातृत्व, ममता, करूणा, दया, सेवा आदि भावना एक मां ही सही रूप में दे सकती है। कई परिवारों में देखा जाता है कि वहां महिलाओं का कोई दर्जा नहीं होता। पुरूष ही सर्वेसर्वा होते हैं। वहां बच्चे भी माता को उचित सम्मान नहीं देते।

पिता के संस्कारों से ही बच्चों में अनुशासन, कर्तव्य, व्यवहार, सामाजिकता व नेतृत्व की क्षमता आदि का विकास हो पाता है।

उत्तम व्यवहार और अच्छा परिवेश ही बच्चे के निर्मल मन मस्तिष्क पर उचित प्रभाव डालता है अतः बच्चों के उचित विकास हेतु परिवार में पति-पत्नी संबंध अच्छे होना नितान्त आवश्यक है। (उर्वशी)

# रेसिपी कार्नर: बनाइये खाइये राजस्थानी व्यंजन






श्वेता मंगल

## थुल्ली (दलिया)

**सामग्री:** गेहूं का दलिया, हरी मूंग की दाल, नमक, घी।

विधि: एक कटोरी गेहूं का दलिया व एक मुट्ठी हरी मूंग की दाल को आपस में मिला लें। फिर थोड़ा सा घी गर्म करके दोनों को थोड़ा सेंक लें। तीन कटोरी पानी गर्म करके दलिया में मिला लें। स्वादानुसार नमक मिलाकर कुकर में दो सीटी आने तक पकाएं। पकाने के बाद अगर थुल्ली (दलिया) बहुत गाढ़ा हो तो थोड़ा गर्म पानी और मिलाइये और अच्छी तरह से हिलाइये। इस तरह थुल्ली (दलिया) तैयार है। परोसने के समय दलिये में घी डालें और दही और कढ़ी के साथ परोसें।

## फरका मोगर

**सामग्री:** मूंग की मोगर (पीली दाल), लाल मिर्च पिसी हुई, हल्दी, धनिया, पिसा हुआ गरम मसाला, जीरा, नमक, हींग, हरी मिर्च व धनिया कटा हुआ, तेल, घी।

**विधि:** मोगर को अच्छी तरह से साफ करके, अच्छी तरह धोकर कुछ देर के लिए भिगो दें। भीगने के बाद मोगर में पानी डालकर पकने के लिए रख दें। जब मोगर पक जाये यानी मोगर को हाथ से लेकर उंगली से दबायें, जब वह आसानी से दबने लगे तब समझ लीजिये कि मोगर पक गया है। फिर मोगर को पानी से बाहर निकाल लें और आधा मोगर उसी पानी में रहने दें।

अब एक कड़ाही में तेल डालकर गरम करें। जब तेल गरम हो जाये, तब चुटकी भर हींग और जीरा डालें। साथ ही कटी हुई हरी मिर्ची भी डाल दें। अब मोगर में पिसी हुयी लाल मिर्ची, हल्दी, धनिया व स्वाद के अनुसार नमक मिलाकर गरम तेल में डाल दीजिये और अच्छी तरह से हिला लीजिये। अब थोड़ा सा गरम मसाला व बारीक कटा हुआ धनिया मिला दीजिये। इसे शेष दाल में मिला दें। इस तरह फरका मोगर तैयार है।

## बेड़वा पूड़ी

**सामग्री:** हरी मूंग की दाल, गेहूं का आटा, पिसी हुयी लाल मिर्ची, सौंफ, नमक, कटी हरी मिर्च, धनिया व अदरक, हींग, तेल।

**विधि:** दाल को साफ करके चार घंटे के लिए भिगो दें। जब दाल भीग जाये तो उसके छिलके निकाल कर अच्छी तरह से धो लीजिये। धोने के बाद दाल को बारीक पीस लीजिये। फिर दाल में पिसी हुयी लाल मिर्च, थोड़ी सी सौंफ व चुटकी भर हींग व स्वादानुसार नमक डालें और बारीक कटा हुआ धनिया, मिर्ची व अदरक डाल कर मिला लें। गेहूं का आटा लगाने के लिए उसमें थोड़ा नमक व तेल डालकर आटा गूंध लें। अब आटे की छोटी-छोटी लोइयां बना लें।

कढ़ाई में तेल गरम होने के लिए रख दें। जब तेल गरम हो जाये, तब लोई को पूरी के आकार में बेल लें और हमने जो दाल का मिश्रण तैयार किया है, उस मिश्रण को थोड़ा थोड़ा पूरी पर फैला दें। अच्छी तरह से पूरी पर फैलाकर उसे तलने के लिए डाल दें। थोड़ी देर में पूरी को पलट दीजिये, फिर पूड़ी को करारी होने तक तलिये। इसी तरह सारी पूड़ियां बना लें। अब पूड़ी को गरम गरम ही हरी चटनी या सॉस के साथ परोसें। (उर्वशी)

## राष्ट्रपति मुर्मू 26 मई से सिक्किम के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगी

**गंगटोक :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 26 मई से सिक्किम के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति 26 मई की दोपहर लिबिंग आर्मी हेलीपैड पर उतरेंगी और वहां से लोक भवन जाएंगी। उन्होंने बताया कि इसके बाद वह गंगटोक के देवराली स्थित नामग्याल इंस्टीट्यूट ऑफ तिब्बतोलॉजी और रिज पार्क स्थित ऑर्किडेरियम का दौरा करेंगी। अधिकारियों के मुताबिक, राष्ट्रपति 27 मई की सुबह भारत-चीन सीमा पर स्थित नाथू ला का दौरा करेंगी, जिसके बाद उनके सिक्किम विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में शामिल होने का कार्यक्रम है, जहां वह 2023, 2024 और 2025 बैच के छात्रों को डिग्रियां प्रदान करेंगी। अधिकारियों के अनुसार, राष्ट्रपति 28 मई को पा-लजोर स्टेडियम में सिक्किम पुलिस की परेड में शामिल होंगी और फिर दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी।

## गुजरात : राज्य बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा में 44 कैदी उत्तीर्ण

**अहमदाबाद :** गुजरात की विभिन्न जेल में बंद कुल 44 कैदियों ने राज्य बोर्ड की कक्षा 10 और 12 की परीक्षाएं उत्तीर्ण की हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गुजरात माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (जीएसएए-चएसईबी) की कक्षा 10 और 12 की परीक्षाओं में 22-22 कैदी उत्तीर्ण हुए। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि गुजरात कारागार और सुधार प्रशासन कार्यालय ने उन कैदियों को प्रोत्साहित किया, जो पढ़ाई करना चाहते थे। इसमें कहा गया है, उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी के नेतृत्व में और गुजरात के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक डॉ. केएलएन राव के मार्गदर्शन में राज्य भर की जेल में शिक्षा के माध्यम से पुनर्वास की एक प्रेरणादायक तस्वीर उभरकर सामने आई है। विज्ञप्ति के मुताबिक, कैदियों को जरूरी सुविधाओं के अलावा किताबें और अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई गई। जेल में हर विषय की कक्षाएं आयोजित की गईं और परीक्षार्थियों की परीक्षा फॉर्म भरने में भी सहायता प्रदान की गई।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री ने वायु प्रदूषण कम करने के लिए लगाए गए उपकरणों का निरीक्षण किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाल ही में सरकार की 'इनोवेशन चैलेंज' योजना के तहत शहर के कुछ हिस्सों में वायु प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से लगाए गए उपकरणों का शनिवार को निरीक्षण किया। गुप्ता ने पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के साथ कीर्ति नगर औद्योगिक क्षेत्र के पास लगाए गए 'पोल-माउंटेड डस्ट कलेक्टर' और कीर्ति नगर फायर स्टेशन पर स्थापित 'सेंट्रल वर्ज एयर प्यूरीफायर' का निरीक्षण किया। पिछले साल अक्टूबर में सिरसा ने प्रदूषण कम करने के लिए इस पहल की शुरुआत की थी, जिसमें व्यक्तियों, स्टार्टअप्स और शोध संस्थानों को पीएम2.5 और पीएम10 जैसे कणों के उत्सर्जन को कम करने के लिए विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था। निरीक्षण के दौरान सिरसा ने बताया कि उपकरण में लगातार धूल जमा होती रहती है और लगभग 15-20 दिन बाद जब यूनिट भर जाती है तो बैकएंड तकनीक अधिकारियों को सूचित कर देती है। उन्होंने कहा, यह उपकरण 400 वर्ग मीटर के दायरे से धूल एकत्र कर सकता है। सिरसा ने यह भी बताया कि उपकरण को सुरक्षा के लिए लोहे के फ्रेम के अंदर लगाया जाएगा।

## मोदी सरकार में असली संकट नेतृत्व का है: कांग्रेस

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी को लेकर शनिवार को सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मोदी सरकार में असली संकट नेतृत्व का है, तथा यह बात अब सभी देशवासी समझ चुके हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शनिवार को एक बार फिर वृद्धि की गई। पेट्रोल की कीमत 87 पैसे लीटर जबकि डीजल के दाम 91 पैसे प्रति लीटर बढ़ाए गए हैं। पिछले 10 दिन से भी कम समय में यह तीसरा मौका है जब ईंधन के दाम बढ़ाए गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पेट्रोल अब हुआ 100 रुपये पार, अबकी बार जनता की कमाई पर किस्तों में लूटमार। पेट्रोल-डीजल पर रोजाना 1000 करोड़ रुपये का केंद्रीय कर लगाकर भाजपा का पेट नहीं भरा अंतरराष्ट्रीय दाम जब कम थे तब जनता को फ़ायदा नहीं पहुँचाया, उसे जमकर लूटा।''

# लू से मस्तिष्क और आंखों के स्वास्थ्य पर बुरा असर, चिकित्सकों ने दी सावधानी बरतने की सलाह

**नयी दिल्ली :** देश के कई हिस्सों में लू के प्रकोप के बीच चिकित्सकों ने चेतावनी दी कि लंबे समय तक गर्मी में रहने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि आंखों व तंत्रिका तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है और ये विशेष रूप से बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और पहले से ही किसी बीमारी से ग्रसित लोगों के लिए खतरे की घंटी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि बढ़ते तापमान, शरीर में पानी की कमी और लंबे समय तक धूप में रहने से शरीर का आंतरिक संतुलन बिगड़ सकता है और संवेदनशील व्यक्तियों में थकान, चक्कर आना,



तेज सिरदर्द, माइग्रेन, थकावट और यहां तक कि तंत्रिका संबंधी जटिलताएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। चिकित्सकों ने बताया कि दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के अस्पतालों में गर्मी से संबंधित बीमारियों की शिकायत करने वाले मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है, जिनमें आंखों में जलन, पानी की कमी से होने वाला सिरदर्द और गर्मी से उत्पन्न तंत्रिका संबंधी लक्षण शामिल हैं। दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में न्यूरोलॉजी के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. विनीत सूरी ने बताया, लू का असर अब सामान्य गर्मी से संबंधित बीमारियों से परे भी दिखने लगा है। हमारी ओपीडी में तंत्रिका संबंधी शिकायतों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने बताया, पिछले कुछ दिनों में ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अधिक लोग गंभीर सिरदर्द, चक्कर आना, भ्रम, बेहोशी, पहले से मौजूद तंत्रिका संबंधी समस्याओं का बिगड़ना और विशेष रूप से माइग्रेन जैसे लक्षणों की शिकायत लेकर आ रहे हैं। डॉ. सूरी ने बताया कि तेज धूप और लंबे समय तक धूप में रहने से कुछ लोगों में माइग्रेन के लक्षण बढ़ सकते हैं।

### दिल्ली में भीषण गर्मीः बेहोश होकर आसमान से गिर रहे कबूतर समेत अन्य पक्षी, आवारा जानवर बेहाल

# दिल्ली-एम्स के मानकों के अनुरूप बनेंगे देश के सभी एम्स संस्थान : नड्डा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है कि सभी एम्स संस्थान दिल्ली-एम्स के मानकों के अनुरूप हों। उन्होंने कहा कि यह कदम इसलिए उठाया जा रहा है कि एम्स को देश भर के अन्य मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य संस्थानों के लिए मार्गदर्शक बनने में सक्षम बनाया जाए। नड्डा ने राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान बोर्ड (एनबीईएमएस) के 23वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 20वीं शताब्दी के अंत तक देश में केवल एक एम्स था, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में छह अन्य एम्स स्थापित किए गए। उन्होंने कहा, तब से 16 नए एम्स जोड़े गए हैं, जिससे देश भर में एम्स की कुल संख्या 23 हो



गई है। नड्डा ने बताया कि देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 818 हो गई है, जबकि चिकित्सा की स्नातक सीट की संख्या बढ़कर लगभग 1.28 लाख हो गई है। उन्होंने बताया कि साथ ही, स्नातकोत्तर चिकित्सा सीट की संख्या भी 31,000 से बढ़कर लगभग 85,000 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगले पांच वर्षों में स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा सीट में 75,000 की वृद्धि की घोषणा की है, जिनमें से लगभग 23,000 सीट पिछले दो वर्षों में ही सृजित की जा चुकी हैं। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि सरकार ने स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में गुणवत्ता मानकों में सुधार के लिए 2026-2029 की अवधि के लिए लगभग 15,000 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। उन्होंने स्नातक चिकित्सकों से करुणा, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ समाज की सेवा करने का आग्रह किया, साथ ही उन्हें शिक्षा और चिकित्सा शिक्षण में योगदान देने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

## जिमखाना क्लब को पांच जून तक परिसर खाली करने का निर्देश

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार की ओर से दिल्ली जिमखाना क्लब को पांच जून तक परिसर खाली करने का निर्देश दिए जाने के बाद शनिवार को क्लब के लगभग 600 कर्मचारियों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे। नौकरी की सुरक्षा और आगे की व्यवस्था को लेकर स्पष्टता के अभाव में कर्मचारी चिंतित हैं। केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के अंतर्गत भूमि एवं विकास कार्यालय (एलएंडडीओ) ने एक आदेश में कहा कि तत्काल संस्थागत जरूरतों, प्रशासनिक बुनियादी ढांचे और जनहित परियोजनाओं के लिए दिल्ली के लुटियंस इलाके में स्थित 27.3 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। आदेश में कहा गया है कि पांच जून तक भूमि एवं विकास कार्यालय जमीन को अपने कब्जे में ले लेगा। एलएंडडीओ ने 22 मई के अपने नोटिस में कहा कि 2, सफदरजंग रोड पर स्थित परिसर मूल रूप से इम्पीरियल दिल्ली जिमखाना क्लब लिमिटेड (अब दिल्ली जिमखाना क्लब लिमिटेड) को सामाजिक व खेल क्लब के संचालन के लिए पट्टे पर दिया गया था, और अब आसपास की सरकारी भूमि से जुड़ी व्यापक जनहित परियोजनाओं के लिए इसकी आवश्यकता है। लोक कल्याण मार्ग के निकट स्थित इस विशाल परिसर में शनिवार शाम बेचैनी का माहौल दिखा। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें भविष्य की कार्यवाही के बारे में प्रबंधन की ओर से कोई औपचारिक जानकारी नहीं दी गई है। एक कर्मचारी ने कहा कि कर्मचारियों को इस घटनाक्रम की जानकारी हाल ही में मिली और अचानक जारी हुए इस आदेश ने उन्हें चिंतित कर दिया।

# दिल्लीः गोविंदपुरी दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दक्षिण पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी में 28 वर्षीय एक व्यक्ति ने रिश्ते की बहन और उसके किशोर बेटे की कथित तौर पर हत्या कर दी। वह इस बात से नाराज था कि उसकी चचेरी बहन बार-बार उसे नशे की लत और आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की सलाह देती थी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी सौरभ साहू को शुक्रवार देर रात तुगलकाबाद एक्सटेंशन में पुलिस टीम पर कथित तौर पर गोलीबारी की जिसके बाद जवाबी गोलीबारी में पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। गोलीबारी के दौरान एक गोली एक उप-निरीक्षक की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी, लेकिन वह बाल-बाल बच गए। इन हत्याओं का पता 20 और 21 मई की दरमियानी रात चला, जब शारदा साहू (38) और उनके 13 वर्षीय बेटे को गोविंदपुरी स्थित उनके आवास के अंदर मृत पाया गया और उनके शरीर पर चाकू के निशान थे। इसके तुरंत बाद आरोपियों का पता लगाने के लिए दक्षिण-पूर्वी जिले की पुलिस की कई टीम गठित की गईं। वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में जांच की गई, जिसमें विभिन्न टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगालीं, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच की और संदिग्धों तथा स्थानीय संपर्कों से पूछताछ की। जांच के दौरान जांचकर्ताओं ने संगम विहार निवासी और मृतक महिला के रिश्तेदार सौरभ साहू को मुख्य संदिग्ध के रूप में पहचाना। तुगलकाबाद एक्सटेंशन के घाटी वाला पार्क के पास उसकी गतिविधियों के बारे में मिली एक विशिष्ट सूचना के आधार पर पुलिस ने 22 और 23 मई की दरमियानी रात जाल बिछाया। पुलिस के अनुसार, आरोपी को पार्क के पास देखा गया और उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया। हालांकि, उसने कथित तौर पर एक अवैध पिस्तौल निकाली और भागने की कोशिश में पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने चार गोलियां चलाईं, जिनमें से एक गोली उप-निनरीक्षक यशपाल की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी, लेकिन वह बाल-बाल बच गए। पुलिस दल ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए तीन गोलियां चलाईं, जिनमें से एक गोली आरोपी के पैर में लगी।

## ओडिशा के विकास के लिए स्थिर कानून व्यवस्था का माहौल जरूरी : माझी

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शनिवार को कहा कि राज्य के आर्थिक विकास के लिए कानून-व्यवस्था का स्थिर माहौल आवश्यक है। माझी ने राज्य में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति और औद्योगीकरण की गति पर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान ये टिप्पणियां कीं। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) हेमंत शर्मा, डीजीपी वाई.बी. खुरानिया और मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रकाश मिश्रा उपस्थित थे। यह बैठक शुक्रवार को कटक के अथागढ़ इलाके में बीजद विधायक रणेंद्र प्रताप स्वैन पर कथित हमले को लेकर चल रहे विवाद के बीच हुई। इससे पहले दिन में, विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि भाजपा समर्थित गुंडों ने स्वैन को उनके सार्वजनिक कर्तव्यों का पालन करने से रोका। इस घटना को राज्य में तेजी से बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति का सबूत बताते हुए पटनायक ने कहा कि यह घटना लोकतांत्रिक संस्थानों पर सीधा हमला है। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में माझी ने 14 मई को जारी निर्देशों के कार्यान्वयन की समीक्षा की, जिसमें उन्होंने डीजीपी को अपराधियों के बीच भय पैदा करने, जनता का विश्वास बहाल करने और संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया था। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को सूचित किया गया कि अपराधियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई तेज कर दी गई है, जिसमें संबलपुर और ब्रह्मपुर में हाल ही में हुई दो पुलिस मुठभेड़ों का हवाला दिया गया, जिनमें आरोपी व्यक्ति घायल हो गए थे।

## इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 48 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त, दो थाई नागरिक गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** सीमा शुल्क विभाग ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 48 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त किया है और इस सिलसिले में दो थाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली हवाई अड्डे के सीमा शुल्क आयुक्त अरविंद सरन ने कहा कि



यह जब्ती हाल के वर्षों में देश के किसी भी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर की गई सबसे बड़ी मादक पदार्थों की बरामदगी में से एक है। सरन ने कहा, ''इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारी मादक पदार्थों और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी के प्रयासों को रोकने के लिए चौबीसों घंटे कड़ी निगरानी कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि सोने की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए भी समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। आधिकारिक बयान के अनुसार, 22 मई को उतरे दोनों यात्रियों को हवाई अड्डे पर ग्रीन चैनल पार करने के बाद रोक लिया गया। बयान में कहा गया है, ''विशिष्ट जानकारी और संदिग्ध यात्रा संकेतकों के आधार पर कार्रवाई करते हुए सीमा शुल्क अधिकारियों ने दोनों यात्रियों के सामान की गहन जांच की।'' इसमें कहा गया है कि सामान की जांच के दौरान छह 'वैक्यूम-सील्ड' पैकेट बरामद किए गए, जिनमें हाइड्रोपोनिक गांजा होने का संदेह था। बयान के मुताबिक, लगभग 29 किलोग्राम वजन के चार पैकेट एक यात्री, जबकि करीब 19 किलोग्राम वजन के दो पैकेट दूसरे यात्री के सामान से बरामद किए गए।

## प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए शनिवार को कहा कि उनका कार्य राष्ट्र निर्माण एवं सेवा के आदर्शों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राज्यसभा सदस्य नवीन शनिवार को 46 वर्ष के हो गए। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। एक युवा और ऊर्जावान नेता के रूप में उन्होंने संगठन को मजबूत करने और हमारे कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने के लिए पूरे मन से खुद को समर्पित किया है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि नवीन के नवोन्मेषी दृष्टिकोण, ऊर्जावान नेतृत्व और संगठनात्मक कार्य एवं प्रशासनतंत्र की गहरी समझ ने उन्हें हर जगह अपार सम्मान दिलाया है। मोदी ने कहा, ''उनका कार्य राष्ट्र निर्माण एवं सेवा के आदर्शों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं ताकि वह राष्ट्र की निरंतर सेवा कर सकें।'' नवीन का जन्म 23 मई 1980 को रांची में हुआ था।

## नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में मुख्यमंत्री विजय ने जांच के आदेश दिए, विपक्ष ने की आलोचना

**कोयंबटूर :** तमिलनाडु के कोयंबटूर के सुलूर में 10 वर्षीय एक बच्ची की हत्या से पूरे राज्य में आक्रोश फैल गया और विपक्ष के भारी विरोध के बाद सरकार ने शनिवार को कड़ी कार्रवाई का वादा किया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने इस घटना को 'भयानक' बताते हुए कहा कि इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और पुलिस को हत्या की विस्तृत व त्वरित जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के प्रमुख एडप्पाडी के. पलानीस्वामी समेत अन्य नेताओं ने इस मामले में न्याय की मांग की। विजय ने 'एक्स' पर कहा, मैंने पुलिस को घटना की गहन, त्वरित जांच और तत्काल आरोपपत्र दाखिल करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा, कोयंबटूर में कल (शुक्रवार को) 10 वर्षीय एक बच्ची के साथ हुई भयावह घटना से गहरा दुख और सदमा पहुंचा है। हमारे समाज में ऐसे अमानवीय और अक्षम्य आपराधिक कृत्यों को कभी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ कार्रवाई करेगी कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ ऐसे जघन्य कृत्यों को अंजाम देने वालों को कानून के तहत कड़ी सजा मिले तथा इसके लिए सभी तत्काल और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस बीच, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता उदयनिधि स्टालिन समेत कई नेताओं ने इस घटना की निंदा की।

## महोबा में कांग्रेस नेता अजय राय समेत 30 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**महोबा/लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय और पार्टी के पूर्व सचिव बृजराज अहिरवार समेत 25 से 30 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ महोबा कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक अजय राय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने और बिना अनुमति कार्यक्रम आयोजित कर रास्ता जाम करने का आरोप है। राय शुक्रवार को महोबा दौरे पर गए थे। पुलिस के अनुसार, अधिवक्ता नीरज रावत की शिकायत पर अजय राय और अन्य आरोपियों के खिलाफ शनिवार तड़के भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2) (अवरोध पैदा करना), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान), 196(1) (धर्म, जाति, भाषा और क्षेत्र के आधार पर समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना) 189 (2) (गैर कानूनी सभा) और 132 (लोकसेवक को उसके कर्तव्य में बाधा डालना) के तहत यह मामला दर्ज किया गया है। दर्ज प्राथमिकी में आरोप है कि शुक्रवार को अहिरवार ने अपने समर्थकों के साथ समद नगर में बिना प्रशासनिक अनुमति के कार्यक्रम आयोजित किया और अजय राय को आमंत्रित किया। अजय राय 15-16 वाहनों के काफिले और 25 से 30 समर्थकों के साथ कार्यक्रम में पहुंचे। वाहनों को अस्त-व्यस्त तरीके से खड़ा करने से आम रास्ता अवरुद्ध हो गया।

## संरक्षण प्रयासों से असम में लुप्तप्राय हो रहे ढोल की संख्या में हुई वृद्धिः हिमंत विश्व शर्मा

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि चार साल पहले कैमरे में लुप्तप्राय एशियाई जंगली कुत्ते या ढोल की प्रजाति का केवल एक सदस्य नजर आया था लेकिन अब बड़ी संख्या में असम के काजीरंगा-कार्बी आंगलोंग क्षेत्र में ये लौट आये हैं। ढोलों की संख्या में वृद्धि का श्रेय सरकार के संरक्षण प्रयासों को देते हुए शर्मा ने कहा कि उनका प्रशासन ऐसी परिस्थितियां बनाने की दिशा में काम कर रहा है, जिनमें वन्यजीव फिर से फल-फूल सकें। शर्मा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''काजीरंगा-कार्बी आंगलोंग क्षेत्र से लुप्त होने से पहले शांत और बेहद कुशल शिकारी ढोल एक समय हमारे जंगलों में स्वतंत्र रूप से घूमता था।'' उन्होंने लिखा, ''लेकिन प्रकृति का वापसी का अपना तरीका होता है। वन क्षेत्र की रक्षा और विस्तार करने, पर्यावास संपर्क को मजबूत करने और अतिक्रमण वाली भूमि को मुक्त कराने के निरंतर प्रयासों के माध्यम से हम ऐसी परिस्थितियां बना रहे हैं, जहां वन्यजीव फिर से फल-फूल सकते हैं।'' शर्मा ने कहा कि 2022 में कैमरे में रिकार्ड एक अकेली तस्वीर से लेकर प्रत्यक्ष दर्शन और अब 2026 में एक झुंड की पुष्टि तक, यह पुनरुद्धार की एक शक्तिशाली कहानी है।'

### दस घुसपैठियों को असम में प्रवेश करने से रोका गया: हिमंत

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को बताया कि बांग्लादेश से भारत में घुसने की कोशिश कर रहे 10 घुसपैठियों को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और असम पुलिस के संयुक्त प्रयास से रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि असम को सुरक्षित रखने के लिए पहचान और रोकथाम बेहद जरूरी है। शर्मा ने सोशल मीडिया पर लिखा, हमारी सीमा पर सख्त निगरानी जारी है। असम पुलिस ने बीएसएफ के साथ मिलकर शनिवार तड़के 10 घुसपैठियों की पहचान की और उन्हें असम में प्रवेश करने से रोक दिया।

## केरल में मादक पदार्थों के खिलाफ एक जून से शुरू होगा 'ऑपरेशन तूफान : द नार्को हंट'

**तिरुवनंतपुरम :** केरल के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने शनिवार को ''ऑपरेशन तूफान : द नार्को हंट'' नामक राज्यव्यापी मादक पदार्थ विरोधी अभियान की घोषणा की, जिसका उद्देश्य मादक पदार्थ गिरोहों पर शिकंजा कसना और राज्य में नशीले पदार्थों के प्रसार पर रोक लगाना है। चेन्निथला ने यहां पुलिस मुख्यालय में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की पहली उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने के बाद इस पहल की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह विशेष अभियान एक जून से शुरू होगा, जो गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल खुलने के साथ ही आरंभ किया जाएगा। इसका ध्यान विशेष रूप से शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नशीली दवाओं के वितरण नेटवर्क को खत्म करने पर केंद्रित होगा। गृह मंत्री ने स्कूल परिसरों के निकट तंबाकू उत्पादों और मादक पदार्थों की बिक्री में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ, विशेष रूप से सिंथेटिक ड्रग्स, केरल में गंभीर खतरे के रूप में उभर रहे हैं और पुलिस आने वाले दिनों में इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए सघन अभियान चलाएगी। चेन्निथला ने कहा, ''मादक पदार्थों की गतिविधियों से जुड़े सभी लोगों को पुलिस निगरानी में लाया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि यह अभियान विशेष रूप से सिंथेटिक ड्रग्स की आपूर्ति शृंखलाओं और आदतन अपराधियों को निशाना बनाएगा तथा इसके लिए खुफिया और आंकड़ा आधारित प्रवर्तन उपाय अपनाए जाएंगे। इसमें अन्य राज्यों की पुलिस का भी सहयोग लिया जाएगा। मीडिया और आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों और व्यवस्था को चुनौती देने वालों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ 35 वर्षों के संबंधों पर पुस्तक लिखी

**नयी दिल्ली :** मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी नयी किताब में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की असाधारण गर्मजोशी और संवेदनशीलता ने उन्हें 2023 के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले एक बड़े राजनीतिक संकट से उबारने में मदद की। चौहान ने 'अपनापन' नामक इस पुस्तक में प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने 35 वर्षों के संबंधों और अनुभवों का वर्णन किया है। किताब में वर्णित अंशों के अनुसार, जब भाजपा ने 2023 के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की, तो चौहान ने सोचा कि पहले उन सीटों के उम्मीदवारों के नाम घोषित किए जाएंगे, जहां भाजपा की स्थिति




अपेक्षाकृत कमजोर मानी जा रही थी। उन्होंने लिखा, मेरा नाम शुरुआती सूचियों में शामिल नहीं था। किताब के अनुसार, इसी दौरान एक जनसभा में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने राज्य में विकास का उल्लेख करते हुए कहा था, अगर हम नहीं रहे, तो हमें बहुत याद किया जाएगा। उन्होंने लिखा कि विपक्ष ने इस बयान को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया और यह प्रचारित किया कि चौहान का राजनीतिक करियर समाप्त हो गया है। चौहान ने लिखा कि विपक्ष के कुछ लोगों ने उनका मजाक उड़ाया। मौजूदा कृषि मंत्री चौहान ने कहा, उन्होंने (विपक्ष ने) यह तक कह दिया कि मामाजी का तो राजनीतिक अंतिम संस्कार भी कर दिया गया है। चौहान ने किताब में लिखा कि कांग्रेस पार्टी ने गलत सूचना को अपनी चुनावी रणनीति का मुख्य आधार बना लिया और उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश करते हुए सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उन्होंने लिखा, शायद वे हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल गिराना चाहते थे। मुझे भी लगा कि हमें अपने कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करने और गलत धारणा को तोड़ने के लिए कुछ करना चाहिए।

# अगले 25-30 वर्षों में भारत को हथियारों का सबसे बड़ा निर्यातक बनने से कोई नहीं रोक सकता : राजनाथ

**शिरडी (महाराष्ट्र) :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि कोई भी शक्ति भारत को अगले 25-30 वर्षों में हथियारों का सबसे बड़ा निर्यातक बनने से नहीं रोक सकती। पहले भारत को हथियारों का आयातक समझा जाता था। शिरडी में आयुध निर्माण इकाई का उद्घाटन करने के बाद सिंह ने कहा कि जो राष्ट्र अपने हथियार स्वयं बनाता है, वह अपना भविष्य स्वयं लिखता है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले रक्षा विनिर्माण में निजी कंपनियों की भूमिका नगण्य थी, जो अब 25-30 प्रतिशत है, जबकि सरकार ने इसे और बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा, निजी क्षेत्र की भागीदारी रक्षा क्षेत्र में केवल



नट-बोल्ट के आपूर्तिकर्ता की ही नहीं है, बल्कि वह अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों का निर्माता भी है। सिंह ने कहा कि भारत को हथियारों का आयातक माना जाता था, लेकिन अब कोई भी शक्ति इसे 25-30 वर्षों में सबसे बड़ा निर्यातक बनने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि जब सरकार की दूरदृष्टि और निजी क्षेत्र का नवाचार एक साथ मिलते हैं, तभी देश नई ऊंचाइयों पर पहुंचता है। उन्होंने कहा, भारत को गोला-बारूद और स्वचालन का केंद्र बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। सिंह ने कहा कि ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के शासनकाल के दौरान, पोटैशियम नाइट्रेट का उपयोग बारूद बनाने के लिए कच्चे माल के रूप में किया जाता था, और कंपनी ने अपनी सैन्य क्षमता को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि रक्षा उद्योग के मामले में भारत ने काफी लंबा सफर तय किया है।

# अय्यर की नाबाद शतकीय पारी से एलएसजी को मात देकर पंजाब किंग्स की प्लेऑफ की उम्मीदें कायम

**लखनऊ :** कप्तान श्रेयस अय्यर की नाबाद 101 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत पंजाब किंग्स ने शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स को सात विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग प्लेऑफ की अपनी उम्मीदें बरकरार रखीं। पंजाब ने 197 रन के लक्ष्य को 18 ओवर में तीन विकेट पर 200 रन बनाकर हासिल किया।पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही और प्रियंश आर्य पहली ही गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद कूपर कोनोली भी जल्दी पवेलियन लौट गए। शुरुआती झटकों के बावजूद अय्यर ने आक्रामक अंदाज अपनाया और 51 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का पहला शतक जड़ दिया। उन्होंने नौ चौके और पांच छक्के लगाए।अय्यर को प्रभसिमरन सिंह का शानदार साथ मिला, जिन्होंने 39 गेंदों में 69 रन बनाए।



दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 140 रन की मैच जिताऊ साझेदारी हुई। प्रभसिमरन को दो जीवनदान भी मिले, जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। अय्यर ने मोहम्मद शमी के एक ओवर में तीन छक्के लगाकर मैच पूरी तरह पंजाब के पक्ष में कर दिया।इस जीत के साथ पंजाब ने 14 मैचों में 15 अंक हासिल कर चौथे स्थान पर कब्जा कर लिया है। अब उसकी प्लेऑफ उम्मीदें अन्य मुकाबलों के परिणामों पर निर्भर हैं।इससे पहले एलएसजी ने छह विकेट पर 196 रन बनाए। टीम की शुरुआत खराब रही, लेकिन गैीह खपसश्रळी ने 42 गेंदों में 72 रन की तेज पारी खेलकर टीम को संभाला। आयुष बदोनी ने 18 गेंदों में 43 रन बनाए, जबकि कप्तान ठळीहरलह झरपीं ने 26 रन का योगदान दिया। अंत में अब्दुल समद ने नाबाद 37 रन बनाकर स्कोर को मजबूत किया। पंजाब की ओर से युजवेंद्र चहल और मार्को यानसेन ने दो-दो विकेट लिए।

## रॉयल्स की नजर प्लेऑफ में जगह बनाने पर, जीत के साथ विदा लेने की कोशिश करेगा

**मुंबई :** राजस्थान रॉयल्स की नजर रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत दर्ज कर आईपीएल प्लेऑफ में जगह पक्की करने पर रहेगी। राजस्थान फिलहाल 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है और जीत मिलने पर उसके 16 अंक हो जाएंगे, जिससे वह अंतिम चार में पहुंच जाएगी। दूसरी ओर मुंबई इंडियंस पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है और जीत के साथ सत्र का समापन करना चाहेगी।राजस्थान के लिए यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी अहम भूमिका निभा सकते हैं। जायसवाल का मुंबई के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार रहा है और टीम को कप्तान रियान पराग व ध्रुव जुरेल से भी बड़ी पारियों की उम्मीद होगी।मुंबई के लिए सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या और तिलक वर्मा आखिरी मुकाबले में प्रभाव छोड़ना चाहेंगे। जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट की गेंदबाजी भी राजस्थान के लिए चुनौती बन सकती है। मुकाबला गर्म और उमस भरे मौसम में खेला जाएगा, जहां फिटनेस भी अहम भूमिका निभाएगी।

## सुपर शतरंज क्लासिक: प्रज्ञानानंदा ने गिरि को बराबरी पर रोका; कीमर ने खिताब जीता

**बुकारेस्ट :** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शनिवार को यहां अंतिम दौर में अनीश गिरि के खिलाफ आसान ड्रॉ खेलकर अपने अभियान का समापन किया, जबकि विन्सेंट कीमर ने जोरडेन वान फोरेस्ट को हराकर सुपर शतरंज क्लासिक का खिताब अपने नाम कर लिया। अंतिम दौर में अमेरिका के फेबियानो कारुआना के साथ संयुक्त बढ़त पर चल रहे कीमर के पास खिताब जीतने का शानदार मौका था और उन्होंने वान फोरेस्ट को पराजित कर इसे भुना लिया। कीमर ने प्रतियोगिता का समापन छह अंकों के साथ किया। उन्होंने चार जीत, चार ड्रॉ और केवल एक हार का सामना किया। कारुआना ने मैक्सिम वाशिये-लाग्रेव के खिलाफ ड्रॉ खेला और 5.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अमेरिका के वेस्ली सो ने अंतिम दौर में सिंदारोव के साथ आसान ड्रॉ खेला और दोनों पांच-पांच अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे। इसके बाद पांच

## विनेश फोगाट एशियाई खेलों के चयन ट्रायल्स में हिस्सा लेंगी: दिल्ली उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली :** विनेश फोगाट को दिल्ली उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें 30 और 31 मई को होने वाले एशियाई खेलों के चयन ट्रायल्स में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी। अदालत ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की चयन नीति को भेदभावपूर्ण बताते हुए कहा कि मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करने वाली महिला खिलाड़ियों के हितों की अनदेखी नहीं की जा सकती।मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने ट्रायल्स की वीडियोग्राफी कराने तथा भारतीय खेल प्राधिकरण और भारतीय ओलंपिक संघ के स्वतंत्र पर्यवेक्षकों की मौजूदगी का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि मां बनना किसी महिला खिलाड़ी को बाहर करने का आधार नहीं हो सकता और ऐसा करना संविधान के समानता के अधिकार का उल्लंघन है।अदालत ने डब्ल्यूएफआई द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस पर भी नाराजगी जताई, जिसमें पेरिस ओलंपिक से विनेश के बाहर होने को राष्ट्रीय शर्मिंदगी बताया गया था। अदालत ने इसे दुर्भावनापूर्ण और अनुचित टिप्पणी करार दिया।विनेश ने डब्ल्यूएफआई की चयन नीति को चुनौती दी थी, जिसमें पात्रता कुछ चुनिंदा प्रतियोगिताओं तक सीमित रखी गई थी।

## सूर्यकुमार के कप्तान के तौर पर भविष्य पर अंतिम फैसला गंभीर का हो सकता है: बीसीसीआई सूत्र

**नयी दिल्ली :** सूर्यकुमार यादव के भारतीय टी20 टीम के कप्तान के रूप में भविष्य पर अंतिम फैसला मुख्य कोच गौतम गंभीर की राय से तय हो सकता है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र के अनुसार राष्ट्रीय चयन समिति सूर्यकुमार की मौजूदा फॉर्म से संतुष्ट नहीं है और उन्हें केवल बल्लेबाज के तौर पर टीम में बनाए रखने को लेकर आश्वस्त नहीं दिख रही।सूत्रों के मुताबिक चयनकर्ताओं का मानना है कि टी20 विश्व कप 2024 के बाद सूर्यकुमार का प्रदर्शन लगातार गिरा है। आईपीएल के मौजूदा सत्र में भी वह 12 पारियों में केवल 210 रन ही बना सके हैं। उनका औसत 18 से कम रहा, जबकि तेज गेंदबाजों के खिलाफ उनकी कमजोरी साफ नजर आई।हालांकि टीम प्रबंधन मानता है कि कप्तान और कोच के बीच बेहतर तालमेल ड्रेसिंग रूम के लिए बेहद जरूरी होता है। गंभीर और सूर्यकुमार के रिश्ते काफी अच्छे रहे हैं, इसलिए चयनकर्ताओं के किसी भी फैसले में गंभीर की भूमिका अहम मानी जा रही है। अगर सूर्यकुमार को कप्तानी से हटाया जाता है तो संभावित विकल्पों में श्रेयस अय्यर, शुभमन गिल और तिलक वर्मा के नाम चर्चा में हैं। गिल ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस की कप्तानी से प्रभावित किया है, जबकि तिलक वर्मा को भविष्य के नेतृत्व विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है।

## सूरज और सागर ने जीता रजत, ग्रीको-रोमन पहलवानों ने जीते पांच पदक

**नयी दिल्ली :** सूरज सिंह और सागर सिंह के रजत पदकों से भारत ने शनिवार को यहां अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप के पहले दिन पांच पदक जीतकर अपने ग्रीको-रोमन अभियान की शानदार शुरुआत की।सचिन कुमार (77 किग्रा), रोहित (97 किग्रा) और हरदीप (130 किग्रा) ने अपने वजन वर्ग में कांस्य पदक जीतकर इस सूची में और पदक जोड़े। सूरज ने 60 किग्रा वर्ग में फाइनल तक शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन स्वर्ण पदक के मुकाबले में कजाखस्तान के ऐबेक ऐतबेकोव से 0-4 से हार गए। 67 किग्रा वर्ग में, सागर ने भी पूरे टूर्नामेंट में काबिले-तारीफ प्रदर्शन किया। हालांकि, फाइनल में उन्हें उज्बेकिस्तान के ऐतजान खलमाखानोव के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता (0-9) से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। सचिन ने 77 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता, वह कजाखस्तान के अलीखान दुरस-नोव से 3-10 से हार गए थे। वहीं रोहित 97 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के बेखरूज बर्नोएव से कड़े मुकाबले में 3-5 से हारकर पदक से चूक गए।

## गुरिंदरवीर ने रोमांचक दौड़ में अनिमेष कुजूर से छीना 100 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**रांची :** राष्ट्रीय सीनियर फेडरेशन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को भारतीय एथलेटिक्स ने ऐतिहासिक उपलब्धियों का गवाह बना, जब गुरिंदरवीर सिंह ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जबकि विशाल टीके 400 मीटर में 45 सेकंड से कम समय निकालने वाले पहले भारतीय बने। गुरिंदरवीर ने शानदार दौड़ लगाते हुए 100 मीटर स्पर्धा 10.09 सेकंड में पूरी की और राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उनका यह प्रदर्शन इस सत्र में एशिया का दूसरा सबसे तेज समय भी है। विशाल टीके ने 400 मीटर दौड़ में 44.98 सेकंड का समय निकालकर इतिहास रच दिया। वह 45 सेकंड की बाधा तोड़ने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए। उनका यह समय मौजूदा सत्र में एशिया का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है।



एक और बड़ी उपलब्धि में एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता तेजस्विन शंकर ने डेकाथलॉन में 8000 अंकों का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए एशिया की सर्वकालिक सूची में सातवां स्थान हासिल कर लिया। रिलायंस फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व कर रहे तेजस्विन ने 10 स्पर्धाओं वाली कठिन डेकाथलॉन प्रतियोगिता में कुल 8057 अंक जुटाए। इससे उन्होंने पिछले वर्ष बनाए अपने 7063 अंकों के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व कर रहे 22 वर्षीय विशाल पिछले साल चेन्नई में 45.12 सेकंड के समय के साथ पुरुषों की 400 मीटर दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने के बाद से ही सबसे चर्चित भारतीय एथलीटों में से एक रहे हैं।

## केकेआर और दिल्ली को प्लेऑफ की धुंधली उम्मीद बनाए रखने के लिए हर हाल में चाहिए जीत



**कोलकाता :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और दिल्ली कैपिटल्स के बीच रविवार को होने वाला आईपीएल मुकाबला दोनों टीमों के लिए करो या मरो जैसा होगा। प्लेऑफ की उम्मीद बनाए रखने के लिए दोनों को हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। केकेआर फिलहाल 13 अंकों के साथ छठे और दिल्ली 12 अंकों के साथ आठवें स्थान पर है। हालांकि दोनों टीमों की किस्मत अन्य मुकाबलों के परिणामों पर भी निर्भर करेगी।केकेआर ने शुरुआती संघर्ष के बाद शानदार वापसी करते हुए पिछले सात मैचों में छह जीत दर्ज की हैं। टीम को हालांकि अपने शीर्ष बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी की कमी खलेगी, जिन्होंने इस सत्र में 422 रन बनाए हैं। कप्तान अजिंक्य रहाणे, सुनील नारायण और रिंकू सिंह पर बल्लेबाजी की जिम्मेदारी रहेगी, जबकि वरुण चक्रवर्ती की फिटनेस चिंता का विषय है।दिल्ली की उम्मीदें मुख्य रूप से केएल राहुल पर टिकी होंगी, जिन्होंने इस सीजन में 533 रन बनाए हैं। डेविड मिलर की वापसी से मध्यक्रम मजबूत हुआ है, लेकिन टीम की गेंदबाजी निरंतर प्रभाव छोड़ने में असफल रही है। कप्तान अक्षर पटेल और कुलदीप यादव से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। मुकाबला शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

## राष्ट्रमंडल खेलों के लिये 2029 तक तैयार हो जायेगा बुनियादी ढांचा

**अहमदाबाद :** राष्ट्रमंडल खेल 2030 की तैयारी में जुटे अहमदाबाद में बुनियादी ढांचा एक साल पहले तैयार करने पर फोकस है और आईपीएल फाइनल की तैयारी में जुटे नरेंद्र मोदी स्टेडियम को केंद्र में रखकर इसके इर्द गिर्द 335 एकड़ क्षेत्र में तीन नये परिसर तैयार किये जा रहे हैं। अहमदाबाद के नारनपुरा में 825 करोड़ की लागत से 20 एकड़ में फैले वीर सावरकर परिसर का उद्घाटन पिछले साल ही हो चुका है जबकि सरदार वल्लभभाई पटेल खेल एंक्लेव और कराइ में गुजरात पुलिस अकादमी में निर्माण कार्य 2028 से 2029 के बीच पूरा हो जायेगा। वीर सावरकर खेल परिसर के प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी भौमिक ओझा ने यहां बताया ,'' हमने तीन साल के भीतर इतना बड़ा परिसर तैयार कर लिया जिसकी मई 2022 में आधारशिला रखी गई थी। इसलिये हमें यकीन है कि राष्ट्रमंडल खेलों के लिये हम समय से पहले पूरी तैयारी कर लेंगे।'' उन्होंने कहा ,''यहां पिछले साल राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैम्पियनशिप और एशियाई एक्वाटिक्स चैम्पियनशिप हो चुकी है और प्रसारण, डोपिंग रोधी उपायों, सुरक्षा उपायों सभी को ध्यान में रखकर इसे तैयार किया गया है।



# इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर क्षेत्र में राजस्थान के भीतर अपार संभावनाएं: वैष्णव

**जयपुर :** केंद्र और राजस्थान सरकार ने प्रोत्साहन, नीतिगत समर्थन एवं बुनियादी ढांचे पर जोर देते हुए शनिवार को राज्य को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर विनिर्माण के एक प्रमुख गंतव्य के रूप में पेश किया और निवेशकों से इकाइयां स्थापित करने का आग्रह करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राजस्थान में इस क्षेत्र में 'अपार संभावनाएं' हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण ने तीव्र वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में करीब 450 कारखानों की




आधारशिला रखी गई है, जबकि पिछले एक वर्ष में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) के तहत 75 कारखानों को मंजूरी दी गई है। वैष्णव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ एक संवाद सत्र में शिरकत करते हुए कहा कि 'डबल इंजन' सरकार निवेशकों को पूरा सहयोग देगी। उन्होंने निवेशकों से विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए स्पष्ट लक्ष्य तय करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विस्तार से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर उत्पादन करने वाले चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है और 76,000 करोड़ रुपये से अधिक के प्रोत्साहन पैकेज के साथ इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन तेजी से आगे बढ़ रहा है। शर्मा ने कहा कि भिवाड़ी में 50 एकड़ में फैला राज्य का पहला सेमीकंडक्टर क्लस्टर शुरू हो चुका है, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता करीब छह करोड़ चिप की है। अब तक करीब 20 कंपनियों से 1,200 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य के 'ट्रिपल-एस' लाभ (सिलिका, कौशल और सौर ऊर्जा) का उल्लेख करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के लिए विशेष नीति और पूंजी सब्सिडी एवं ब्याज सहायता जैसे वित्तीय प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र और कांकणी को 'राजस्थान की सिलिकॉन वैली' के रूप में विकसित किया जा रहा है।

## राजस्थान सरकार ने सरकारी खर्च पर विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाया

**जयपुर :** राजस्थान सरकार ने वित्तीय संसाधनों के कुशल प्रबंधन एवं सार्वजनिक व्यय में अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाते हुए सरकारी खर्च पर विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया है। वित्त विभाग (आय-व्ययक अनुभाग) ने इस बारे में एक विस्तृत परिपत्र जारी किया है। इसमें खर्च को तर्कसंगत बनाने के लिए कई कदम बताए गए हैं जिसमें मंत्रियों और अधिकारियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले वाहनों की संख्या को सीमित करना और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देना शामिल है। परिपत्र के अनुसार, सरकार के पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहनों को चरणबद्ध तरीके से ईवी में बदला जाएगा।

# देश में पेट्रोल-डीजल की समग्र किल्लत नहीं, कुछ जगहों पर स्थानीय समस्या: इंडियन ऑयल

**नयी दिल्ली :** देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने देश में पेट्रोल एवं डीजल की समग्र किल्लत से इनकार करते हुए शनिवार को कहा कि कुछ पेट्रोल पंपों पर ईंधन की कमी होने से संबंधित खबरें 'बेहद स्थानीय' और अस्थायी प्रकृति की हैं जो क्षेत्रीय मांग-आपूर्ति असंतुलन और बिक्री के प्रारूप में बदलाव का नतीजा हैं। आईओसी ने कहा कि कुछ पेट्रोल पंपों पर बढ़ी हुई मांग का कारण फसल कटाई के समय डीजल की खपत में मौसमी वृद्धि, अपेक्षाकृत अधिक कीमत वाले निजी पेट्रोल पंपों से ग्राहकों का सरकारी क्षेत्र के पंपों की तरफ स्थानांतरण और थोक ईंधन की कीमतों में अंतरराष्ट्रीय दरों के अनुरूप वृद्धि के कारण संस्थागत खरीद में बढ़ोतरी है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने एक बयान में कहा कि एक




से 22 मई के दौरान पेट्रोल की बिक्री में सालाना आधार पर 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि डीजल की बिक्री लगभग 18 प्रतिशत बढ़ी जो मांग में निरंतर और अत्यंत उच्च वृद्धि को दर्शाता है, जिसे वह देशभर में पूरा कर रही है। आईओसी ने कहा, हम ग्राहकों और आम जनता को यह आश्वस्त करना चाहते हैं कि देश में पेट्रोल और डीजल की कोई समग्र किल्लत नहीं है। कुछ खुदरा केंद्रों पर देखी जा रही स्थिति अत्यंत स्थानीय और अस्थायी है, जो स्थानीय मांग-आपूर्ति असंतुलन तथा चुनिंदा क्षेत्रों में बिक्री प्रवृत्ति के पुनर्संतुलन के कारण उत्पन्न हुई है। बयान के मुताबिक, आईओसी के 42,000 से अधिक पेट्रोल पंपों के नेटवर्क में बहुत ही कम जगहों पर आपूर्ति बाधित हुई है, जबकि अधिकांश पंपों पर भंडार और आपूर्ति सामान्य एवं पर्याप्त बनी हुई है। आईओसी ने कहा कि सरकारी तेल विपणन कंपनियां देशभर में पर्याप्त ईंधन भंडार बनाए हुए हैं तथा अलग-अलग क्षेत्रों में उत्पन्न इन सीमित बाधाओं को दूर करने और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रही हैं। आईओसी ने कहा, मांग में इस निरंतर और अत्यंत उच्च वृद्धि के बावजूद इंडियन ऑयल देशभर में ग्राहकों की जरूरतों को लगातार पूरा कर रही है।

# मई में मजबूत बनी हुई है निर्यात वृद्धि की रफ्तार: गोयल

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि मई के पहले तीन सप्ताह के दौरान देश के निर्यात में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। गोयल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल के माहौल के बावजूद भारत निर्यात और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में बेहतर वृद्धि दर्ज करते हुए लगातार वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैंने पिछले तीन सप्ताह के निर्यात आंकड़े देखे हैं। अप्रैल में जो वृद्धि दर देखने को मिली थी, वह मई में भी जारी है। हमने अनेक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मजबूती दिखाई है। अप्रैल में देश का निर्यात 13.78 प्रतिशत बढ़कर 43.56 अरब डॉलर



पर पहुंच गया, जो चार वर्ष से अधिक समय में मासिक आधार पर सबसे ऊंचा स्तर है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में हुई बढ़ोतरी इसका प्रमुख कारण रही। हालांकि, आयात बढ़ने से देश का व्यापार घाटा तीन महीने के उच्च स्तर 28.38 अरब डॉलर पर पहुंच गया। गोयल ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में एफडीआई बढ़कर रिकॉर्ड 95 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 17 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक निवेशकों के लिए पसंदीदा निवेश गंतव्य बना हुआ है, इसलिए आने वाले वर्षों में भी यह वृद्धि जारी रहने की संभावना है। गोयल ने कहा, सरकार ने लागत का बड़ा बोझ खुद उठाया है, खासकर उर्वरकों की बढ़ी कीमतों के मामले में किसानों पर इसका भार नहीं डाला गया और पूरा खर्च केंद्र सरकार ने वहन किया है। वाणिज्य मंत्रालय मई महीने के निर्यात-आयात के आधिकारिक आंकड़े 15 जून को जारी करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के लिए लगातार नई पहल भी कर रही है।

## बिहार सरकार ने 350 करोड़ रुपये की 20 औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी दी

**पटना :** बिहार सरकार ने शनिवार को लगभग 350 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाओं को मंजूरी दी और उनकी स्थापना के लिए लगभग 30 एकड़ जमीन आवंटित की। राज्य सरकार के अधिकारियों ने कहा कि उद्योग विभाग के तहत संचालित बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बीआईएडीए) की परियोजना मंजूरी समिति की बैठक में उन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जिनसे लगभग 2,300 लोगों के लिए रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। इस बैठक में उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। विभाग ने एक बयान में कहा, ''समिति ने 20 औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी दी और उनकी स्थापना के लिए लगभग 30 एकड़ जमीन आवंटित की। इन परियोजनाओं से लगभग 350 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने और पूरे राज्य में लगभग 2,300 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है।'' इस मौके पर कुमार ने कहा कि राज्य सरकार बिहार में समावेशी औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ''सरकार मजबूत बुनियादी ढांचे, बेहतर संपर्क सुविधा, सरल प्रक्रियाओं और मजबूत नीतिगत समर्थन के माध्यम से निवेश के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने में लगी है, ताकि परियोजनाओं का त्वरित और प्रभावी कार्यान्वयन हो सके।'' बयान में कहा गया है कि स्वीकृत परियोजनाएं खाद्य प्रसंस्करण, सॉफ्टवेयर विकास, प्री-इंजीनियर्ड बिल्डिंग (पीईबी) निर्माण, फर्नीचर निर्माण, पीवीसी और यूपीवीसी पाइप निर्माण, स्वास्थ्य सेवा और सामान्य निर्माण जैसे क्षेत्रों से संबंधित हैं।

## गोयल की यात्रा से भारत-कनाडा व्यापार समझौता वार्ता को मिलेगी गति: फियो

**नयी दिल्ली :** भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की 25-27 मई को प्रस्तावित कनाडा यात्रा को सकारात्मक पहल बताते हुए कहा है कि इससे दोनों देशों के बीच प्रस्तावित व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर वार्ता को नई गति मिलेगी। फियो ने एक बयान में कहा कि गोयल की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब दोनों देश द्विपक्षीय आर्थिक एवं व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और 2030 तक आपसी व्यापार को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य की दिशा में काम कर रहे हैं।

## हिमंत विश्व शर्मा ने सीतारमण से मुलाकात कर असम की आर्थिक वृद्धि पर चर्चा की

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने असम की आर्थिक वृद्धि को तेज करने की रूपरेखा पर चर्चा की। शर्मा ने पिछले पांच वर्षों में असम को केंद्र सरकार से मिले सहयोग के लिए वित्त मंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, नयी दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। मैंने पिछले पांच वर्षों में असम को दिए गए निरंतर सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया और आने वाले वर्षों में राज्य की वृद्धि और विकास की रूपरेखा पर चर्चा की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच पर एक अलग



पोस्ट में कहा कि दोनों नेताओं ने असम सरकार की आर्थिक वृद्धि को गति देने और राज्य को पूर्वोत्तर भारत के प्रमुख विकास केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना पर चर्चा की। भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाली सरकार हाल ही में विधानसभा चुनावों के बाद असम में लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी है। शर्मा ने लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद संभाला है।

वर्ष 11, पूर्णांक 3601 अंक 067 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in